


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 185/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 11 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

## काबुल एयरपोर्ट पर हवाई फायरिंग

**काबुल।** अफगान लोगों में अपने खस्ताहाल देश को छोड़ने की ऐसी आपाधापी है कि वे मौके की तलाश में रहते हैं। दरअसल, अफवाह उड़ी कि तुर्किये में भूकंप राहत कार्यों के लिए वॉलेन्टियर बुलाए जा रहे हैं। देखते ही देखते हजारों लोग दीवार फांद कर काबुल एयरपोर्ट के भीतर जमा हो गए। इनमें से किसी के पास भी लगेज नहीं था।



इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स में बोले मोदी

## आशा के प्रतीक हैं फिजियोथेरेपिस्ट्स लोगों को आत्मनिर्भर बनाना ही लक्ष्य

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अहमदाबाद में आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स के 60वें अधिवेशन को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के फिजियोथेरेपिस्ट्स की जमकर तारीफ की। बोले, %हमारे फिजियोथेरेपिस्ट्स आज आशा का प्रतीक बन चुके हैं। सबसे अच्छा फिजियोथेरेपिस्ट्स वो होता है जिसकी बार बार मरीज को जरूरत ना हो। फिजियोथेरेपिस्ट्स का लक्ष्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। आज जब देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है तो आप लोग समझ सकते हैं कि ये क्यों जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, जब कोई व्यक्ति अचानक चोटिल होता है तो उसके लिए यह सिर्फ फिजिकल ट्रॉमा नहीं होता बल्कि यह एक मेंटल ट्रॉमा भी होता है। ऐसे समय में फिजियोथेरेपिस्ट केवल उसका इलाज नहीं करते बल्कि उसे हौसला भी देते हैं। अकसर मुझे भी आपके प्रोफेशन और आपके प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रेरणा मिलती है।



### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले चरण का शुभारंभ कल

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का दिल्ली-दौसा-लालसोट तक का पहला फेज बनकर तैयार है। 12 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से जयपुर के बीच आवागमन शुरू हो जाएगा। यह एक्सप्रेस वे मोदी सरकार का एक महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके पहले खंड का लोकार्पण होने वाला है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का निर्माण 12,150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से हुआ है।

महाशिवरात्रि पर उज्जैन में...

# 21 लाख दीप प्रज्ज्वलन का महाअभियान पूरे विश्व का अनोखा कार्यक्रम होगा: शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाशिवरात्रि 18 फरवरी को उज्जैन में आयोजित 21 लाख दीप प्रज्ज्वलन के महा अभियान के लिए तैयारियों में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। यह कार्यक्रम पूरे विश्व का अनोखा कार्यक्रम होगा। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित कार्यालय भवन समत्व से इस कार्यक्रम की तैयारियों की वर्चुअली समीक्षा की। इसमें उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव तथा विधायक एवं अधिकारी उज्जैन से शामिल हुए।

धर्मनगरी उज्जैन में इस साल महाशिवरात्रि (18 फरवरी) पर दीपों का सबसे बड़ा कार्यक्रम 'शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव' करने पर दो करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। एक निर्धारित समय पर 18 लाख दीप प्रज्जवलित करने में 20 हजार वालेंटियर्स, 50 हजार लीटर तेल और 25 लाख रुई की बाती लगेगी। एक ब्लाक में 225 दीप रखे जाएंगे। ब्लाक का निर्माण शुक्रवार से प्रारंभ हो जाएगा। दीप प्रज्ज्वलन का प्रशिक्षण 13, 14 फरवरी को दिया जाएगा। निश्चित किया जाएगा कि कम से कम 10 मिनट दीप प्रज्ज्वलित होते रहें, ताकि एक समय पर कम से कम 18 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने का विश्व रिकार्ड स्थापित किया जा सके।



रामघाट, दत्त अखाड़ा घाट, नृसिंह घाट, केदारेश्वर घाट, सुनहरी घाट, गुरुनानक घाट, भूखी माता मंदिर की तरफ वाले घाट पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम जीरो वेस्ट होगा। यानी तेल की खाली बोतल, जली हुई बाती, दीपों से सुंदर कलाकृतियां बनवाई जाएंगी। जली बाती का इस्तेमाल गादी बनाने में किया जाएगा। हर स्पॉट पर हेल्पडेस्क और मेडिकल टीम मौजूद रहेगी।अगले वर्ष से महाशिवरात्रि से महीनेभर का मेला लगेगा। ये मेला कार्तिक मेला मैदान पर लगाया जाएगा। मेला निगम न लगाकर एजेंसी के माध्यम से लगाया जाएगा, जिसमें एजेंसी ही दुकानों का आवंटन करेगी और मेले का संचालन करेगी। निगरानी नगर निगम की रहेगी। इस मेले से निगम को लाखों की अतिरिक्त आय होगी। महापौर परिषद ने इससे संबंधित प्रस्ताव मंजूर कर दिया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन





**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिला भाजपा अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, जामुन और इमली के पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## भोपाल में विकास यात्रा का शुभारंभ



**भोपाल।** नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बाणगंगा चौराह से विकास यात्रा का शुभारंभ किया। कन्या पूजन के बाद उन्होंने 46 लाख के सड़क निर्माण और सुधारीकरण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, राजेंद्र गुप्ता, पुष्पराज श्रीवास्तव और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## ड्रग्स सिंडिकेट की बड़ी मछलियों को पकड़ें जांच एजेंसियां: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** अफीम के मामले में गिरफ्तार मध्य प्रदेश के एक किसान की जमानत अर्जी का सरकार द्वारा विरोध करने पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ ने जांच एजेंसी व सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, सिर्फ छोटे लोगों पर कार्रवाई होती है बड़ों पर नहीं। बड़े लोगों को भी पकड़ें।

मध्य प्रदेश के एक किसान ने अवैध रूप से अफीम रखने के मामले में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। किसान ने कहा, वह 5 साल से जेल में है। उस पर जो आरोप हैं, उसमें अधिकतम 10 साल की सजा का प्रावधान है। जांच पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलीसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कहा, जांच एजेंसी ने अफीम बरामद की थी। समाज को ऐसे लोगों को बचाना जरूरी है। इस पर ष्ठछ्वढ्ढ ने कहा, आप छोटे किसानों, ड्रग्स पैडलर को पकड़ रहे हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स सिंडिकेट चलाने वालों पर कार्रवाई नहीं होती। असल गुनहगारों को पकड़िए और लोगों को बचाइए।

# विकास की तस्वीर आपके सामने, हिसाब यात्रा निकाले प्रदेश सरकार: कमलनाथ

**सीहोर।** शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सीहोर पहुंचे, जहां सबसे पहले चिंतामन गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर विधान सभा चुनाव अभियान का श्री गणेश किया। इस दौरान हेलीपेड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक जगह जगह मुख्य मार्गों पर मंच से उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया। वहीं मीडिया से रूबरू होते हुए कमलनाथ ने प्रदेश सरकार और सीएम शिवराज को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास यात्रा निकाल रही है। लेकिन उन्हें हिसाब यात्रा निकालनी चाहिए।

कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश की तस्वीर आप सबके सामने है। करीब 18 साल से भाजपा की सरकार है। शिवराज सरकार को विकास यात्रा नहीं हिसाब यात्रा निकालनी चाहिए। क्योंकि प्रदेश में किसान, नौजवान, व्यापारी, कानून, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, गोवंश का सत्यानाश हो गया है। मध्यप्रदेश के मतदाताओं पर मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेश की तस्वीर आपके सामने रखकर मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित करेंगे। हमारे सामने चुनौती है नौजवानों के भविष्य की जो मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे। नौजवान बेरोजगार हैं, यह सबसे बड़ी चुनौती है कृषि क्षेत्र में हम नियम बनाकर उसमें सुधार ला सकते हैं, पर जब तक निवेश नहीं आएगा तब तक रोजगार के नये मौके नहीं बनेंगे। बाजार चलता है, किराने की दुकान चलती है, जब किसानों की जेब में पैसा होता है, लेकिन जेब में पैसा नहीं। आर्थिक् गतिविधि आखिर आगे कैसे बढ़े। एक उद्योग लगता है, रोजगार के मौके बनते हैं और साथ साथ आर्थिक गतिविधि बढ़ती है। लेकिन यह सब ठप है। आज मध्यप्रदेश की पहचान क्या है। मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार प्रदेश है।



जब पूर्व सीएम कमल नाथ से पूछा गया कि भाजपा ने सड़क निर्माण के लिए 150 परिवार उजाड़ दिये हैं तो उन्होंने कहा कि भाजपा की यही कार्यशैली है विकास के नाम पर जनता को परेशान किया जाता है वहीं सर्वे का आकलन क्या कह रहा है। इस पर वह बोले कि सर्वे?एक इशारा होता है। हमारा जो स्थानीय संगठन है वहीं चुनाव जिताता है। शिवराज के खिलाफ कौन चेहरा होगा, इस पर उन्होंने कहा कि अभी टिकटों का फैसला नहीं हुआ, लेकिन यह तय है कि मजबूत चेहरा उनके सामने होगा।

# इंदौर के लसूड़िया में फैक्ट्री में भीषण आग, तीन गोदामों भीषण आग लगी

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया इलाके में प्लास्टिक फाइबर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि कई किमी दूर से ही आग का धुआं नजर आया। कई लोग घटना का वीडियो बनाते नजर आए। आग लगते ही लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे है। हालांकि आग कैसे लगी ये स्पष्ट नहीं हो सका है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह आग प्लास्टिक फाइबर फैक्ट्री में लगी है। जिसके कारण आग ने भयावह रूप ले लिया। आग की लपटें काफी ऊपर तक उठती रही। टीआई संतोष दूधी के मुताबिक फैक्ट्री में फाइबर व प्लास्टिक का काम होता है। यहां टंकियां बनाई जाती है। सुबह के वक्त ज्यादा मजदूर नहीं थे। ऑफिशियल स्टाफ ही मौजूद था। 10-15 गाड़ियों से आग बुझाने का काम जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि आग कैसे लगी ये सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कैसे आग लगी। इधर, आसपास के इलाके को भी कवर कर लिया है, ताकि आग ज्यादा न फैले। फिलहाल फायर ब्रिगेड कर्मी आग पर काबू पाने में लगे है।फैक्ट्री के अंदर कई ब्लास्ट होने की भी सूचना सामने आ रही है। जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मची। कोई जनहानि नहीं हुई है। अभी तक 33 टैंकर से ज्यादा पानी आग बुझाने के लिए डाला जा चुका है, लेकिन आग नहीं बुझी है। आसपास चाकलेट, मेडिसिन की फैक्ट्रियां है उनमें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।



## मुरैना के इस्लामपुरा में फायरिंग और पथराव

**मुरैना।** मुरैना के इस्लामपुरा मोहल्ले में दो पक्षों के बीच फायरिंग और पथराव हुआ। एक पक्ष की ओर से लगभग आधे घंटे तक सड़क से फायरिंग और पथराव किया गया। इस पर मोहल्ले की महिलाओं ने भी छतों पर से पथराव किया। दोनों तरफ से होने वाले पथराव का नतीजा यह हुआ कि इस्लामपुरा की सड़कों पर पत्थर ही पत्थर बिखरे पड़े थे। कोतवाली थाना पुलिस को जैसे ही इस घटना का पता चला, तो स्टेशन रोड सहित अन्य थानों का पुलिस बल वहां सीएसपी अतुल सिंह के नेतृत्व में जा पहुंचा, लेकिन जब तक पुलिस पहुंची उपद्रव करने वाले भाग चुके थे। पुलिस ने घरों में घुसकर उपद्रवियों की तलाश की लेकिन वे नहीं मिले।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रात 8 बजे के बाद दो दर्जन से अधिक नकाबपोश मुस्लिम बस्ती इस्लामपुरा में दाखिल हुए। वहां घुसते ही उन्होंने सड़क पर से ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और पत्थर फेंकने लगे। उन युवकों के हाथ में कट्टे और बंदूकें थीं। उनके फायरिंग व पथराव करते ही बस्ती के लोग दहशत में आ गए। उन्होंने भी उन युवकों पर पथराव शुरू कर दिया। फायरिंग और पथराव लगभग आधे घंटे तक चली। इस दौरान मोहल्ले की औरतों और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हमलावरों ने मोहल्ले की स्ट्रीट लाइट में पत्थर मारे, दरवाजों पर मौजूद बल्ब को तोड़ दिया, जिससे पूरे मोहल्ले में अंधेरा छा गया। अंधेरा होने के बाद उन्होंने फायरिंग की, जिस पर लोग और अधिक घबरा गए। मोहल्ले के निवासी इकबाल खान के घर का छज्जा तक टूट गया।

## एनआईए ने बेंगलुरु से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गए आतंकी का नाम आरिफ है। वह बेंगलुरु में ही एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करता था। आरिफ पिछले दो साल से आतंकी संगठन अल-कायदा के संपर्क में था। बताया जा रहा है कि आतंकवादी संगठन में शामिल होने के लिए वह ईरान और अफगानिस्तान जाने की फिराक में था। एनआईए के मुताबिक, आरिफ कट्टरपंथी है। हालांकि, अभी तक किसी भी घटना में शामिल नहीं हुआ है।



## श्रीमती मंजुला पोंदा पंचतत्व में विलीन

**भोपाल।** रेड रोज़ ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेस भोपाल के संचालक सुमीत पोंदा की माता जी एवम जीवन पर्यंत लाखों जीवनों को शिक्षा की ज्योत से दैदीप्यमान करने श्रीमती मंजुला पोंदा पत्नी स्व. श्री कपिल पोंदा का बीती रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 बजे उनके निवास गुरुस्थान, राम जानकी मंदिर के पास,-सेक्टर, जानकी नगर, चूना भट्टी से निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजन, मित्रगण, रिश्तेदारों सहित बड़ी संख्या लोग शामिल हुए। शोकाकुल परिजन-

सुमीत एवं सेजल पोंदा(पुत्र एवं पुत्रवधु), हर्षिल एवं श्रेया पोंदा, (पौत्र एवं पौत्रवधु), यशराज एवं श्रेया पोंदा, (पौत्र एवं पौत्रवधु), डॉ. पन्ना अखाणी (बहन), कारिया (अहमदाबाद), पटेल (बकतरा) एवं जायसवाल परिवार एवं रेड रोज़ ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेस।

## शराब घोटाला: सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे मगुनता राघव को गिरफ्तार किया। इससे पहले तेलंगाना के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट, केसीआर की बेटी के कविता के पूर्व ऑडिटर को दिल्ली शराब मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। ईडी ने अब तक इस मामले में दो चार्जशीट या अभियोजन पक्ष की शिकायतें दायर की हैं और कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक में आग-** दिल्ली के करोलबाग में शनिवार सुबह पंजाब नेशनल बैंक में आग लग गई। मौके पर मौजूद दमकल की 16 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

## उत्तराखंड में जारी हुआ नकल विरोधी कानून

**देहरादून।** उत्तराखंड में पेपर लीक मामले में राजभवन ने अध्यादेश लागू किया है। राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश, 2023 पर मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुमोदन पर राज्यपाल ने 24 घंटे के भीतर यह कदम उठाया है। इस कानून के तहत अगर कोई प्रिटिंग प्रेस, कोचिंग इंस्टीट्यूट या मैनेजमेंट सिस्टम नकल कराने पर दोषी पाया जाता है, तो उसे उम्र कैद और 10 करोड़ रुपए जुर्माना भरना पड़ेगा।

## एलजी ने दिया डिस्कॉम में सरकार से नामित जस्मीन शाह व अन्य को हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल और आम आदमी पार्टी के बीच जारी गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जस्मीन शाह को डीडीडीसी के बोर्ड से हटाने के निर्देश देने के बाद अब एलजी ने उन्हें बिजली कंपनियों के बोर्ड से हटाने के भी निर्देश दिए हैं।अब एलजी वीके सक्सेना ने आप प्रवक्ता जस्मीन शाह और नवीन एनडी गुप्ता और अन्य निजी व्यक्तियों को निजी स्वामित्व वाली डिस्कॉम- बीवाईपीएल, बीआरपीएल और एनडीपीडीसीएल के बोर्ड में सरकार से नामित के रूप में तत्काल हटाने का आदेश दिया है।

# वाणी में विन्रमता होगी तो हम सभी को अपना बना सकेंगे : सिद्धभाऊ

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में हुआ अति विशिष्ट सत्र का आयोजन






**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में अति विशिष्ट सत्र का आयोजन किया गया था जिसका उद्देश्य महाविद्यालय के सकारात्मक वातावरण में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर ध्यानाकर्षण था। इस अवसर पर शहीद हेमू कालाणी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी एवं समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित था।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सिद्ध भाऊ हमारे परिवार के पितृतुल्य मुखिया हैं। प्रत्येक शिक्षण सत्र में हमें श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊजी का उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता है। संस्था सतत् रूप से छात्रहित में कार्य कर रही है। महाविद्यालय की प्रत्येक सफलता में टीमवर्क का विशेष योगदान है। उन्होंने महाविद्यालय में प्लेसमेंट एवं प्रदान की जा रही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ अन्य सुविधाओं को सिलसिलेवार ढंग से बताया। अपने आशीर्वचन में श्रद्धेय संत सिद्ध भाऊ ने कहा संस्था के विद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थापना संत जी ने धनार्जन करने के लिए नहीं अपितु बिटियाओं के सर्वांगीण विकास के लिए की थी, जिससे वे स्वावलंबी बन समाज में पूरे सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण है 'मानसिक शांति'। मानसिक शांति के परिणाम स्वरूप हम प्रसन्न रहते हैं और अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से कर अपना सर्वश्रेष्ठ समाज कल्याण के लिए दे सकते हैं। सर्वप्रथम हमें अपने अहंकार को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना है क्योंकि यह अहंकार ही है जो हमें क्रोधाग्नि में जला कर हमारे विवेक को नष्ट कर देता है। हमारे समझने-बूझने की ताकत नष्ट हो जाती है। यदि हमारी वाणी में विन्रमता होगी, मृदुता होगी, तो हम सभी को अपना बना सकेंगे। हम सभी के जीवन का चरम उद्देश्य आनंद-मंगल में जीवन यापन करना है। जिसके लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है 'तत्काल प्रक्रिया' न देना। सर्वप्रथम हमें धैर्य धारण करते हुए सामने वाले की बात सुननी चाहिए क्योंकि हमारे बड़े हमें जो भी बताते उसमें हमारा ही हित होता है किन्तु तत्काल प्रतिक्रिया देने से हम उनके अनुभवजन्य सुझावों से वंचित रह सकते हैं। हमारी माताएँ घर के बड़े-बुजुर्गों के पास अनुभव का ऐसा खजाना है जिसमें हम बहुत कुछ सीख अपना जीवन आनंदमय बना सकते हैं और दूसरों को सुखी भी कर सकते हैं। अतः हम सभी को अपनी बिटियाओं में सद्गुणों को रोपित करना चाहिए। ईश्वर ने बिटियाओं को करूणा और सहनशीलता का विशेष सद्गुण प्रदान किया है। ये सद्गुण ही परिवार को किसी भी विपरीत परिस्थिति में टूटने से बचाते हैं।

वर्तमान दौर में बिटियाएँ आत्म निर्भर तो हुई है किन्तु अंहकार, अज्ञानता और क्षणिक आवेश में आकर वे न सिर्फ अपने लिए मुसीबत पैदा कर लेती हैं अपितु उनका परिवार विघटन की स्थिति में आ जाता है।यदि हम से सभी सद्गुण अपनी बिटियाओं में विकसित कर सकें तो वे जीवन के अंतिम श्वास तक प्रसन्न एवं संतुष्ट रहेंगी, जिससे हमें भी संतोष प्राप्त होगा एवं हमार जीवन भी सार्थक हो जायेगा। हम सभी अपने जीवन में सुख की कामना करते हैं और उसके लिए हमें भौतिक आकर्षणों से बचते हुए अपने कार्यों को पूरी निष्ठा से करना चाहिए। आज समाज में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई में व्याप्त हैं इसे दूर करने का दायित्व हमारी बिटियाओं पर ही है क्योंकि यदि वे ठान ले कि हक - हलाल की कमाई के अलावा एक भी पैसा बेईमानी का नहीं स्वीकारेंगी, तो शीघ्र समाज भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। फिर कोई कारण नहीं कि भारत जगदगुरू के पद पर पुनः स्थापित न हो पाएँ। हमारी बिटियाएं हमारी संस्था की ब्रांड एम्बेसेडर है जो जहां भी जाएँगी अपने सद्गुणों से अपनी विशिष्ट जगह बनाएंगी और इन संस्थाओं की सुरभि भी फैलाएँगी।

हमें स्वयं भी अपने खानपान और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिसमें हमारी बिटियाएं हमें देखकर सीखे और जागरूक बनें। आज युवा पीढ़ी फास्टफूड के चक्कर में उलझ कर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहीं हैं जिसके घातक परिणाम न सिर्फ परिवार, समाज बल्कि समूचे राष्ट्र में परिलक्षित होंगे। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक और सुपाच्य भोजन अतिआवश्यक हैं। हम अपने विचारों पर नियंत्रण रखें। हम जैसा देखते हैं वैसे ही हमारे विचार बनते हैं अतः सोशल मीडिया पर ऐसी विषय सामग्री को न देखे जो हमारे विचारों को प्रदूषित करती हो क्योंकि विचारों की परिणति कर्म के रूप में होती है।

### गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा

# 1 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश स्तरीय विकास यात्रा के तहत प्रदेश सहित राजधानी के नागरिकों को विकास एवं विभिन्न योजनाओं के हितलाभ की सौगात प्राप्त हो रही है। आगामी 25 फरवरी 2023 तक चलने वाली विकास यात्रा के तहत शुक्रवार को गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 57 के विभिन्न क्षेत्रों में 01 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत के विभिन्न जनसुविधा एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन किए गए। स्थानीय विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने विभिन्न विकास कार्यों का अलग-अलग क्षेत्रों में भूमिपूजन व लोकार्पण किया तथा मुख्यमंत्री जन अभियान योजना के तहत लाडली लक्ष्मी, संबल सहित अन्य योजनाओं के कार्ड आदि वितरण के साथ ही हाई मास्ट लाईट का लोकार्पण भी किया। उक्त अवसरों पर महापौर परिषद के सदस्य श्री जीतेन्द्र शुक्ला, स्थानीय पार्षद श्री सुरेन्द्र बाड़ीका सहित अन्य पार्षदगण तथा जिला एवं नगर निगम प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। विकास यात्रा के तहत शुक्रवार को विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने पिपलिया पेंदे खा, सदभावना पार्क, गणेश चौक, माधव बाल उद्यान, विश्वकर्मा नगर, शक्ति नगर, बड़ वाला मोहल्ला, पंचपीर नगर इत्यादि क्षेत्रों में सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़कों के लोकार्पण के अलावा सड़क निर्माण, शेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किए। श्रीमती गौर ने अनेक स्थानों पर हितग्राही सम्मेलन में मुख्यमंत्री जन अभियान योजना के तहत लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, पी.एम. स्वनिधि योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्ड/प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए। विधायक श्रीमती गौर ने नागरिकों से संवाद भी किया और शासन की विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।



## नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

भोपाल। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदलात का शुभारंभ , प्रधान जिला एवम सत्र न्यायधीश श्रीमती गिरिवाला सिंह को उपस्थिति में स्पेशल चाइल्ड पल्लवी ने लोक अदालत का शुभारंभ किया।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 50 हजार की छात्रवृत्ति

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना में तकनीकी संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजना प्रारंभ की गई है। योजना में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 50 हजार रूपए की राशि प्रतिवर्ष दी जाती है। उल्लेखनीय है कि योजना का लाभ ऐसे छात्र जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता की श्रेणी में हों, प्रथम वर्ष में प्रवेशित अथवा लेटरल एंट्री से द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत हों, चालू वित्तीय वर्ष में परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 8 लाख से कम हो, प्रवेशित वर्ष एवं एचएसएससी समकक्ष डिग्री लेवल हेतु अथवा एसएससी समकक्ष डिप्लोमा लेवल हेतु उत्तीर्ण वर्ष में अंतर 2 वर्ष से अधिक न हो, लाभार्थी अन्य किसी स्त्रोत से किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त न कर रहा हो, लाभार्थी अध्ययन के दौरान अनुतीर्ण न हो, पात्र है।

## आयुक्त ने निगम मुख्यालय भवन, पत्रकार कालोनी के नाले सहित अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

भोपाल। निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और भवन के भूतल, प्रथम तल सहित प्रचलित सभी कार्यों की गति बढ़ाकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भवन में जी.ओ. थर्मल प्लांट एवं लिफ्ट की स्थापना के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और स्थापना के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियों सहित अन्य आवश्यक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने लिंक रोड नंबर 03 स्थित पत्रकार कालोनी के पीछे नाले का निरीक्षण किया और नाले पर डायवर्सन स्ट्रक्चर व स्क्रीन चेंबर के निर्माण कार्यों की गति बढ़ाकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने कोलार सिक्स लेन प्रोजेक्ट में आने वाली जलप्रदाय की फीडर एवं डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों की शिफ्टिंग में सावधानी बरतने तथा निर्माण कार्य के दौरान लाईनों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा, मुख्य अभियंता पी.के.जैन, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग सहित निगम के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। निगम आयुक्त ने तुलसी नगर सेकेण्ड स्टॉप के पास निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और भवन के कार्यों व भवन में लिफ्ट एवं जी.ओ. थर्मल प्लांट स्थापना के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

# ग्रीन इको-फ्रेंडली मूवमेंट प्रोजेक्ट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**भोपाल ।** फेडरेशन ऑफ म.प्र. चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के कॉफ्रेंस हॉल में शुक्रवार 10 फरवरी 2023 को फेडरेशन ने एसोचैम के सहयोग से ग्रीन इको-फ्रेंडली मूवमेंट प्रोजेक्ट के तहत् जीईएम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी ने विषय की शुरुआत करते हुए उल्लेख किया कि हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इस वर्ष के बजट के दौरान भी वित्त मंत्री ने हरित विकास और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन पर जोर दिया और 10222 करोड़ रुपये का उच्च बजट इस हेतु आवंटित किया।

जीईएम कंसल्टेंट पी. दास गुप्ता ने ग्रीन प्रोडक्ट और कार्बन फुटप्रिंट रेटिंग जैसी नई पहलों के साथ जीईएम ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया। एसोचैम जीईएम ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल] ग्रीन बिल्डिंग के उपयोग को बढ़ावा देती है और बिजली और पानी के संरक्षण, सीवरेज के उपचार हरित उत्पादों के उपयोग आदि से संबंधित कुछ मापदंडों के आधार पर इन्फ्रा परियोजनाओं को प्रमाणन प्रदान करती है। फेडरेशन के सचिव प्रवीण आचार्य ने टिकाऊ और हरित प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता पैदा करने में फेडरेशन की भूमिका पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। सुदीप्तो विश्वास सहायक निदेशक, एसोचैम द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र समाप्त हुआ। इस अवसर पर अशोक पटेल, मनोज मोदी, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, अमित अग्रवाल, राजीव जैन, ए.पी. विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।




## आईटीआई में नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 13 को

**भोपाल।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुरा भोपाल द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 13 फरवरी को आईटीआई गोविन्दपुरा भोपाल में लगेगा। अप्रेन्टिसशिप मेले में योग्यता 8वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यार्थी जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष हैं इस मेले में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री अप्रेन्टिसशिप मेले में चयनित अभ्यार्थी को 7 से 15 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं मिलेगी। मेले में शामिल होने के लिए आईटीआई गोविन्दपुरा में 13 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से मूल दस्तावेज एवं प्रमाण पत्रों सहित बायोडाटा के साथ साक्षात्कार के लिए आ सकते हैं।

## एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्रों का शोध प्रस्ताव राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





आयुष एवं सीसीआरएएस द्वारा आयोजित SPARK 2022- 23 (स्टूडेंटशिप प्रोग्राम फॉर आयुर्वेद रिसर्च केन) में संपूर्ण भारत वर्ष से शोध कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जिसमें कि संपूर्ण भारत वर्ष से सर्वोत्तम 100 शोध प्रस्ताव को चयनित किया गया। इन 100 चयनित शोध प्रस्ताव में एल. एन. आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल के दो विद्यार्थियों के शोध प्रस्ताव का चयन हुआ महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी विशाल सेन व द्वितीय वर्ष के करण जैन को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने का गौरव प्राप्त हुआ। आप दोनों ने क्रमश डा. निर्मला सावरकर, एशोसिएट प्रोफेसर व डा. आशुतोष शुक्ला, एशोसिएट प्रोफेसर. एल. एन. आयुर्वेद महाविद्यालय के मार्ग दर्शन में यह कार्य किया। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण भारत वर्ष से सौ चयनित शोध प्रस्ताव व म.प्र से छः चयनित शोध प्रस्ताव में से महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन होना निश्चित रूप से सम्मान जनक है। इस अवसर पर एल. एन. सीटी यूनिवर्सिटी के कुलपति जे.एन चौकसे, उपकुलपति डा. अनुपम चौकसे, एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर धर्मेन्द्र गुप्ता, प्राचार्य डॉ सपन जैन एवं डॉयरेक्टर डॉ विशाल शिवहरे ने विद्यार्थियों के इस सुयश पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की साथ ही सीसीआरएएस के डॉयरेक्टर डॉ. रवीन आचार्य द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में रिसर्च एक्टिविटी को बढ़ावा देने वाले इस कार्य की बहुत बहुत प्रशंसा की।

# सीएम राइज स्कूल गोविंदपुरा में सृजन 2023 कार्यक्रम का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शासकीय सीएम राइस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुरा भेल में सृजन 2023 कार्यक्रम बहुत ही भव्य एवं गरिमा वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्रों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी से छात्र विद्यालय परिसर में क्या सीख रहे हैं शिक्षक कैसे बच्चों के विकास में भागीदारी बन रहे हैं इस पूरे सफर को विद्यालय भ्रमण द्वारा जानने और शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय डी एस कुशवाह के मुख्य अतिथि में एवं प्राचार्य संध्या नंबूदरि के मार्गदर्शन में एवं उप प्राचार्य रेखा श्रीवास्तव प्रधान अध्यापक माध्यमिक प्रभारी सीमा आर्य एवं प्राथमिक प्रभारी आशा रावत एवं जन शिक्षक सुभाष शर्मा के सहयोग से संस्कृति और संस्कार का सुरम्य कार्यक्रम मां सरस्वती जी के गीत भजन एवं पूजन के साथ आरंभ हुआ कार्यक्रम के अन्य शालाओं के शिक्षक एवं जन शिक्षा केंद्र के शिक्षकों एवं अभिभावक बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था सृजन 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत औषधि पेड़ वितरित किए गए स्कूल स्लोगन में सम्मान सत्य निष्ठा और साहस के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम रहे. शाला में नवाचार का संदेश दिखा जिसमें संस्कृति और संस्कार की परंपराओं को आत्मसात करते हुए विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों के अभिभावक सम्मान दादा दादी को सम्मान किया गया, जिसमें उन्हें एक बहुत ही आकर्षक प्रशस्ति पत्र एवं औषधि का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को अपर संचालक डीएस कुशवाहा एवं प्राचार्य महोदय को उनके द्वारा उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए सराहा गया. इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र गोविंदपुरा के समस्त माध्यमिक एवं प्राथमिक प्रधानाध्यापक भी मौजूद हुए स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियों का और विकास हो इसके लिए अपर संचालक डीएस कुशवाह द्वारा समस्त शिक्षकों एवं प्रधान अध्यापकों को मार्गदर्शन दिया बच्चों के हित के लिए और शाला के विकास के लिए बच्चों का गुणात्मक विकास हो इसके लिए जो करना संभव हो सके उसे किया जा सके प्राथमिक विभाग के बच्चों में अलग-अलग प्रांतों की वेशभूषा में अपनी कक्षाओं में अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर रहे थे सीएम कल्पना के प्रस्फुटन एवं फलन का दृश्य हुआ था अधिकारी द्वारा में हो रही प्रयासों की एवं शिक्षकों को सफल कार्यक्रम की बधाई दी

प्राचार्य संध्या नंबूदरि ने सभी का आभार व्यक्त करते हुएन कहा कि समय में उचित प्रबंधन और इमानदारी के साथ कार्य करें हर कठिन कार्य संभव को जाता है सृजन 2023 में स्कूल की टीम का सकारात्मक प्रयास दिखाई दिया भविष्य में हमारे स्कूल के छात्र प्रदेश जिले का नाम रोशन करें इस अपेक्षा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों को पशुपालन से जोड़ने योजना शुरू होगी

### मुख्यमंत्री ने आहार अनुदान योजना में सिंगल क्लिक से जारी की राशि

### 2 लाख 41 हजार 120 महिलाओं के खाते में अंतरित किये 24 करोड़ 11 लाख 20 हजार रूपए

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार योजना शुरू कर रही है। योजना में परिवारों को दो पशु, भैंस या गाय उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आहार अनुदान योजना इस उद्देश्य से आरंभ की गई थी कि महिलाएँ अनुदान की राशि अपने परिवार की बेहतरी के लिए खर्च करें। मुझे प्रसन्नता है कि बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि का महिलाओं ने सही तरीके से उपयोग किया है और इसके परिणाम भी बेहतर आए हैं।

मुख्यमंत्री चौहान बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 41 हजार 120 महिलाओं के खाते में 24 करोड़ 11 लाख 20 हजार रूपए की अनुदान राशि सिंगल क्लिक से अंतरित कर वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुमीना सिंह उमरिया से वर्चुअली सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने छिंदवाड़ा, उमरिया और श्योपुर की महिलाओं से वर्चुअली संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आहार अनुदान योजना प्रदेश के 15 जिलों में संचालित है। इन जिलों के अलावा अन्य जिलों में रह रही विशेष पिछड़ी जनजाति की महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय भाई-बहनों की बेहतरी में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ऐसे परिवार जिनके पास रहने की जगह नहीं है, उन्हें निःशुल्क प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे और उनके घर बनाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

**हितग्राहियों से संवादः** मुख्यमंत्री चौहान ने छिंदवाड़ा की श्रीमती रेशमा, उमरिया की श्रीमती दइजी बाई बैगा, श्योपुर की श्रीमती ऊषा और






श्रीमती माया से वर्चुअली संवाद किया। श्रीमती रेशमा और श्रीमती दइजी बाई ने कहा कि आहार अनुदान से मिलने वाले पैसों से बच्चों को दूध एवं अन्य पोषक सामग्री उपलब्ध कराना सरल हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान को हितग्राही श्रीमती दइजी बाई ने उमरिया आने का निमंत्रण भी दिया। संवाद में श्योपुर की हितग्राही श्रीमती ऊषा बताया कि वे स्व-सहायता समूह की गतिविधियों से जुड़ी हैं तथा टेबलेट से समूह की गतिविधियों का संचालन करती हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने हितग्राही महिलाओं से खाद्यान्न वितरण और आयुष्मान कार्ड के संबंधी जानकारी भी ली।




भोपाल। राष्ट्रीय विधि संस्थान में आज बारहवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

# विद्यार्थी पढ़ें और मेधावी बनें, आपकी ऊंची पढ़ाई की फीस सरकार भरेगी: भूपेंद्र सिंह

### बांदरी पहुंची विकास यात्रा, 38 करोड़ लागत के सीएम राइज स्कूल भवन का किया भूमि-पूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विद्यार्थी मन लगा कर पढ़ाई करें और मेधावी बनें। मेडीकल, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट जैसी पढ़ाई के लिए आपकी फीस राज्य सरकार जमा करेगी। यह आह्वान प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी में विकास यात्रा के दौरान 38 करोड़ रूपये की लागत से बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से किया। मंत्री श्री सिंह ने 4 करोड़ की लागत के सीसी रोड और अन्य विकास कार्यों का भी भूमि-पूजन किया।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य के टेंडर हो चुके हैं, सीएम राइज स्कूल का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। मुझे मालथौन ब्लाक में एक सीएम राइज स्कूल तय करना था। मुझे लगा कि छात्र संख्या को देखते हुए बांदरी में ही इसकी जरूरत है। ग्यारह एकड़ क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल बनेगा, जहाँ सभी विषय होंगे, प्रयोगशाला होगी, शिक्षकों का अलग से चयन होगा। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। स्कूल में बच्चों को लाने के लिए बस की व्यवस्था रहेगी, जिसका खर्चा सरकार देगी। आने वाले वर्षों में मालथौन ब्लाक के अन्य बड़े कस्बों में भी सीएम राइज स्कूल खोले जाएंगे। मंत्री सिंह ने कहा कि सीएम राइज स्कूल से बच्चों की नींव मजबूत होगी। बांदरी में शासकीय कॉलेज पहले ही खुल चुका है, जहाँ सभी जरूरी विषय होंगे। उन्होंने कहा कि कल गढ़ौला जागीर में भी सीएम राइज स्कूल शुरू किया गया है। छात्र-छात्राओं की बारहवीं की पढ़ाई के बाद मेडिकल कॉलेज और इंजीनिरिंग की पढ़ाई हिन्दी में शुरू कर दी गई। राज्य सरकार ने फिर से मेधावी छात्र योजना शुरू की है। छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि कर दी है। अतः बच्चों का काम सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लाड़ली बहना योजना शुरू की है। बहनों के खातों में सरकार हर माह एक हजार रूपए जमा करेगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की श्री नरेन्द्र मोदी सरकार सभी गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न दे रही है।

## कैसे सफल होगा उमा भारती का नशा मुक्ति अभियान: सक्सेना

**भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के संयोजक एम के सक्सेना का कहना है कि मप्र में देसी-विदेशी शराब से,अच्छी क्वाालिटी की सस्ती फल-फूल से बनी नई हेरिटेज शराब लांच हो चुकी है। स्वागत योग्य है,जिसे अभी पर्यटक-स्थल पर, बारों में शराब पीने वालों को फ्री में 60मिलिलीटर का एक पेक दिया जा रहा है। 10-15 दिन मैं यह म0प्र0 के 52जिलों की हर शराब दुकान पर विक्री के लिए उपलब्ध होगी। इससे सरकार के राजस्व की बेहताशा वृद्धि होगी। ऐसे में अब कैसे,मप्र मैं शराबबंदी-नशामुक्ति लागू का पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती का अभियान सफल हो सकता है,सवालिया प्रश्न



**शुक्रवार सुबह की लँगर सेवा में भोपाल के कर्मठ समाज सेवी सुनील दुबे वृक्ष मित्र ने सौजन्यता और सोहाद्र पूर्ण माहौल में अपनी सेवाएं दी। सुनील दुबे 116 बार रक्त दान देकर मानवता की सेवा करते हुए अपने जीवन को ऊंचाइयां प्रदान कर चुके हैं।**

## छात्रवृति में प्रदर्शन के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय

**भोपाल।** नवम्बर 2022 में हुई राष्टीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृति परीक्षा में सफलता के आधार पर राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के जिलों की रैंकिंग निर्धारित की है। रैंकिंग में दमोह जिला सबसे ऊपर है और निवाड़ी जिला सबसे निचले पायदान पर है। जिलों के साथ ही विकासखंडों के प्रदर्शन को भी राज्य स्तर से परखा गया है। जिसके अनुसार प्रदेश में सर्वाधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रीवा जिला मुख्यालय का रीवा विकासखंड प्रथम स्थान पर और डिण्डौरी जिले का बजाग विकासखंड अंतिम स्थान पर है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि राष्टीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृति परीक्षा में शासकीय विद्यालयों की कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं और इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को उनकी आगे की पढ़ाई के लिए कक्षा 9 से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रूपये छात्रवृति प्राप्त होती है। सत्र 2022-23 की यह परीक्षा 6 नवम्बर 2022 को सम्पन्न हुई थी, जिसमें इस बार मध्यप्रदेश के रिकार्ड 2 लाख 52 विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता की गई थी। परीक्षा के परिणाम का राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत विश्लेषण कर जिलों और विकासखंडों की रैंकिंग निर्धारित की है, जिसमें 4 मुख्य मापदण्ड के आधार पर जिलों के आंकडों का विश्लेषण किया गया है। कुल नामांकित विद्यार्थियों के अनुपात में परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा फल का औसत स्कोर, परीक्षा फल का उत्कृष्ट स्कोर और राज्य की मेरिट सूची में प्रथम 100 में आये विद्यार्थियों की संख्या है।

# मेंहदीपुर धाम में की अंजनी माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नरेला विधान सभा के वार्ड 70 स्थित हरियाली से आच्छादित इस मंदिर मे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ यह समारोह संपन्न हुआ। मंदिर के प्रबंधक व पुजारी पं. एच के व्यास के मार्गदर्शन मे गुरुवार को शोभा यात्रा के साथ यह समारोह प्रारंभ हुआ था । जयपुर से मंगाई गई मार्बल की इस प्रतिमा का दो दिन तक प्राण-प्रतिष्ठा पूजा का कार्य मुख्य यजमान दम्पत्ति रोहित-सूर्या चौबे के द्वारा कथा वाचक पं. कमल किशोर चौबे ने संपन्न कराया। प्रातः पांच जोडे सुरेश-ऊषा व्यास, डा.शैलेन्द्र-रजनी व्यास, लक्ष्मीकांत-निर्मला मनबारे, अरविंद-विधा सीठा व सुभाष- अनिता व्यास से पंडित कमल किशोर जी ने सभी देवी देवताओ का आव्हान कर यज्ञ करवाया।

इसके उपरांत अंजनी माताजी व अन्य देवताओ की आरती कर उपस्थित लोगो ने प्रसादी ग्रहण की। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित भंडारे मे 600 के लगभग लोगो ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर माता रानी के दर्शन किये। महिलाओ द्वारा मनमोहक भजन कीर्तन का गायन किया गया। लगभग



एक दशक पूर्व निर्मित इस मंदिर मे सर्वप्रथम मेहन्दीपुर वाले बालाजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

इसके बाद लगातार आकषर्क राम दरबार, राधा- कृष्ण व शिव लिंग की स्थापना की गई है। मंदिर के पास काफी पुराना इमली का पेड है, साथ ही एक दशक मे पीपल, वेलपत्र, आम, चीकू आदि के वृक्ष के साथ गुडहल, कचनार, कनेर, गेन्दा, गुलाब आदि फूलो के पौधे लगाकर एक बडा गार्डन भी बनाया गया है। यहा एक हजार वर्गफीट के एक सत्संग हाल का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। हरियाली, प्राकृतिक छाया व स्वच्छ हवा के कारण यह पवित्र स्थान आमलोगो के लिये एक आत्मिक शांति के केंद्र के रूप मे भी प्रसिद्ध हो रहा है ।

# कटनी में वित्त मंत्री की मौजूदगी में 5 हजार लोगों ने ली फाइलेरिया की दवा

## फाइलेरिया के विरूद्ध अभियान में सब निभाए सहभागिता: देवड़ा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में कटनी जिले के लगभग पाँच हजार नागरिक, छात्र-छात्राएँ, शासकीय कर्मी और जन-प्रतिनिधि ने फाइलेरिया से बचाव के लिए डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली का सामूहिक सेवन किया।वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने फाइलेरिया की बीमारी के खिलाफ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। उन्होंने इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की और नागरिकों से दवा का सेवन कर जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की अपील की। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा गाँव-गाँव, गली-गली और घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने गोली सेवन के तौर-तरीकों और जिला प्रशासन के क्विज कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिये सभी को सहभागी बनने की अपील की। इस दौरान फाइलेरिया से बचाव के लिए लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकास यात्रा में हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ: वित्त मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य शासन की हितग्राही मूलक एवं स्व-रोजगार मूलक योजनाओ से वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। इसी उद्देश्य के साथ कटनी सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश में गाँव-गाँव विकास यात्रा निकाली जा रही है। शासकीय योजनाओं से पात्र वंचित नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। मंत्री देवड़ा कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा के ग्राम पंचायत बड़वारा में विकास यात्रा के दौरान जन-संवाद कर रहे थे।



जन-संवाद के दौरान प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने विकासखंड ढीमरखेड़ा में 13 करोड़ 4 लाख की लागत के 132/33 के. व्ही. उप केंद्र का लोकार्पण और 2 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने बड़वारा ग्राम पंचायत के जनजातीय मोहल्ले में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 10 लाख रूपए और हाट बाजार में समतलीकरण एवं फर्शीकरण के लिए 8 लाख रूपए की स्वीकृति दी। साथ ही सिलौड़ी स्थित विरासनी माता मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। देवड़ा ने शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की छात्राओं द्वारा कॉलेज में पुस्तकालय, सीसीटीवी कैमरा, खेल मैदान का समतलीकरण, कंप्यूटर की मांग को शीघ्र पूर्ति करने की बात कही। मंत्री देवड़ा ने जिले को फाइलेरिया रोग मुक्त कराने के लिए सभी से दवा खाने और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

देवड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में कटनी जिले के 1 लाख 84 हजार हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीब, मजदूर, किसान और सभी वर्गों की चिंता कर रही है। देश में वर्ष 2024 तक हर गरीब के पास पक्का घर होगा और उनके घरों में नल से शुद्ध जल पहुँचेगा। उन्होंने बताया कि जिले में 5 लाख 50 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। योजना में 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज का प्रावधान है। जिले में 1 लाख 20 हजार लोगों के घरों में शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है। दिसंबर 2023 तक राशन पात्रता पर्चीधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न मिलेगा, सरकार ने इसकी व्यवस्था की है। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कन्या-पूजन और माँ सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन किया। विकास यात्रा के दौरान जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

स म्पा द की य

# फिर से बढ़ता कुपोषण...?

पिछले कुछ वर्षों से लगातार सरकारी दावों में कुपोषण का खात्मा दिखाया जा रहा है, लेकिन सही बात तो यह है कि कुपोषण खत्म नहीं हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग ने रुटीन प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर में रजिस्टर्ड 6 साल तक के बच्चों का जब वजन कराया, तो पता चला कि कुपोषण तो फिर से जोर मारता दिख रहा है। बीते अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में ही 80 हजार 347 अति गंभीर और मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चे सामने आए।

आदिवासी बहुल जिले धार में सबसे ज्यादा 3901 गंभीर तो 7434 कम गंभीर कुपोषित बच्चे मिले। विभाग ने इनकी लिस्ट भी बनाई। लेकिन साथ ही एक मजेदार वाकया भी सामने आया। विभाग के सबसे बड़े अधिकारी ने 1 फरवरी को सभी कलेक्टरों को आदेश दिया गया कि 31 मार्च तक इन सभी गंभीर कुपोषितों को पोषित बनाया जाए। यह आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभागीय संयुक्त संचालक, जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी दिया गया। इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मालन्यूट्रिशन के अंतर्गत ही अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में शारीरिक माप कर अति गंभीर व मध्यम गंभीर बच्चों को चिन्हित कर पंजीयन किया गया था।

यानि यह भी कहा जा सकता है कि यदि बच्चों का वजन गंभीरता से नहीं मापा जाए, तो कुपोषण का सही अंदाजा ही नहीं हो पाएगा। सो, पिछले कई सालों से ऐसा लगता है कि कुपोषण को छिपाने के ही प्रयास अधिक होते रहे हैं। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि कोविड के पिछले दो-ढाई साल सभी पर भारी पड़े हैं। बीपीएल तो क्या, सामान्य घरों में भी समुचित भोजन पर्याप्त मात्रा में नहीं उपलब्ध हो पाया। आदिवासी इलाकों में हालात और अधिक खराब रहे हैं। कागजी घोड़े कितने ही दौड़ाए जाएं, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

कुपोषण के दो पहलू माने जाते हैं। एक तो पर्याप्त और पौष्टिक भोजन की अनुपलब्धता। दूसरा, कुपोषण को लेकर अज्ञानता के साथ ही इसे नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति। यह सही है कि सरकारी योजनाओं के बावजूद प्रदेश ही हजारों नहीं, लाखों प्रसूताओं को पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता है। इसमें कई बार स्वयं प्रसूताओं या उनके परिजनों की लापरवाही भी सामने आती है। समय पर खाना नहीं खाना या कम खाना, गंभीर बीमारियों को भी जन्म देता है और कुपोषण को भी। इसलिए कुपोषण को केवल सरकारी योजनाओं से खत्म नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक तो जमीन पर प्रयास करने होंगे और दूसरे इसमें सामाजिक और अराजनैतिक संगठनों को भी जागरूकता लाने के अभियान चलाने होंगे। कुपोषण की खास बात यह है कि यह केवल बहुत गरीब परिवारों ही नहीं होता। कई बार आर्थिक रूप से ठीक परिवारों में भी हो जाता है। फिर भी, कुपोषण हमारे प्रदेश और समाज के लिए अभिशाप है। इसे खत्म करने के लिए सभी को पहल करनी चाहिए।

## ट्रांस फैट हो रहा जानलेवा

दुनिया की आबादी अभी कुछ महीने पहले ही 800 करोड़ हुई है। इनमें से 500 करोड़ से ज्यादा लोग ट्रांस फैट की जद में हैं। सामान्य तौर पर तेल में हाइड्रोजन मिलाने से ट्रांस फैट बनता है। ट्रांस फैट वाले तेल में खाना पकाने से खाने की शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। यह वजह है कि सामान्य तौर पर अधिकांश होटलों, रेस्टोरेंट और फास्ट फूड के स्टॉल पर ऐसा ही तेल इस्तेमाल किया जाता है। ये तेल धुआं बनकर उड़ने की जगह कढ़ाई में बना रहता है।

दूसरी ओर बार-बार गर्म करने के चलते तेल में ट्रांस फैट बढ़ता जाता है। ट्रांस फैट को डॉक्टर्स धीमा जहर भी कहते हैं। यह कितना खतरनाक है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2023 तक खाने से फैटी एसिड को पूरी तरह बाहर करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन हकीकत में यह लक्ष्य अभी काफी दूर है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में ट्रांस फैट के चलते हर साल 6 लाख मौतें होती हैं। इनमें से 60 हजार लोग भारत से होते हैं। ट्रांस फैट के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा था कि 'ये जहरीला केमिकल है, खाने में इसकी जगह बिल्कुल भी नहीं होगी चाहिए।' इससे बचने के लिए ऐसे तेल का उपयोग बंद ही किया जाना चाहिए। हां, इसमें लापरवाही के साथ ही मजबूरी का भी एक कालम है। वो मजबूरी ये, कि तेल आदि के बढ़ते दामों के कारण सामान्य वर्ग के लोग उन होटलों या रेस्टोरेंट में नहीं जा पाते, जहां शुद्ध तेल का उपयोग होता है। वहां खाना, नाश्ता महंगा मिलता है और वो हर व्यक्ति की खर्च सीमा से बाहर होता है। सो ठेलों पर ऐसे तेल से बनी वस्तुएं खाना उसकी मजबूरी होती है।

फिर भी, ट्रांस फैट की समस्या से निजात पाने के लिए हम सामान्य एक्सरसाइज और योग करके इसका असर कम कर सकते हैं। जो भी खाएं, उसे पचाने की क्षमता

# मार्च में फिर किसान मार्च

राकेश अचल

देश की आम जनता के साथ अन्नदाता कहा जाने वाला किसान फिर अकुलाए रहा है और इसी के चलते देश के किसानों ने एक बार फिर सड़कों पर आने का फैसला किया है. देश में पिछले साल चले एक साल लम्बे किसान आंदोलन के नेता राकेश टिकैत ने 20 मार्च से फिर किसान आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है. राकेश टिकैत चोट खाये किसान नेता हैं और सरकार की वादा खिलाफी के कारण बुरी तरह आहत हैं, लेकिन उन्होंने अभी हथियार नहीं डाले हैं।

देश के किसानों का हथियार स्थागृह के अलावा कुछ नहीं है. वे लाठी-गोली खा सकते हैं लेकिन चला नहीं सकते. अपनी माँगों को लेकर 700 से ज्यादा किसानों की शहादत दे चुके किसानों ने सरकार की जमीन हड़पो नीति के अलावा अन्य कई माँगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय किया है. भारतीय किसान यूनियन ने सोये हुए किसानों को दोबारा जगाने के लिए मुजफ्फरनगर में महापंचायत का आयोजन किया. इसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया. उन्होंने यूपी में गन्ने का भाव 450 रु क्विंटल करने की माँग की. भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि नलकूपों पर किसी भी कीमत पर बिजली के मीटर नहीं लगने देंगे और न ही पुराने ट्रैक्टर बंद होने देंगे. उन्होंने कहा कि नागपुर पॉलिसी चल रही है।

राकेश टिकैत और नरेश टिकैत पुश्तैनी किसान नेता हैं. ये दोनों भ्र्ष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे की तरह हार मानकर बैठने वालों में से नहीं हैं. टिकैत बंधुयों ने भाजपा के साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को भी निशाने पर रखा है. वे समझ गए हैं की किसानों का असली दुश्मन कौन है? पिछले किसान आंदोलन के प्रति केंद्र सरकार के रवैये से वाकिफ किसान नेता मुमकिन है की इस बार ज्यादा सतर्कता और तैयारी के साथ सड़कों पर उतरें.



आखिर 'दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है'।

राकेश टिकैत ने कहा कि पीएसी नहीं, मिलिट्री बुलाओ, पर मीटर नहीं लगेगा. सरकार अपने मीटर की सुरक्षा करे, चोरी बढ़ रही है. बड़ी कंपनियों को बिजली बेची जा जा रही है. गरीबों का शोषण किया जा रहा है. यह कंपनियों की सरकार है. टिकैत ने ऐलान किया कि 26 जनवरी 2024 को पूरे देश में ट्रैक्टर परेड होगी. किसान संगठन किसी एक पार्टी के खिलाफ नहीं है. जहां सरकार किसान के खिलाफ फैसले करेगी, हम वहीं जाएंगे।

आपको याद होगा की साल 2020 में लगभग एक साल चले किसान आंदोलन के सामने केंद्र सरकार ने 19 मार्च 2021 को घुटने टेकते हुए तीनों विवादास्पद कृषि कानों वापस ले लिए थे. सरकार के सामने उस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे. आज की तारीख में भी स्थितियां लगभग पहले जैसी हैं. अब कुछ राज्यों में विधानसभा के चुनावों के साथ ही अगले साल आम चुनाव भी हैं. ऐसे में केंद्र सरकार किसान आंदोलन के दोबारा शुरू होने से परेशान जरूर होगी।

देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बीच 17 सितंबर को लोकसभा और 20 सितंबर को राज्यसभा ने भारी हंगामे के बीच तीनों कानूनों को पास कर दिया था. इसके बाद 27 सितंबर को राष्ट्रपति ने इस पर दस्तखत कर दिए थे. इन कानूनों के खिलाफ देशव्यापी किसान आंदोलन के बाद लगभग एक साल तक किसानों से सौदेबाजी करने वाली सरकार ने 2021 में संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कृषि कानून वापस कर लिए थे।

भाजपा की मजबूत सरकार के खिलाफ 24 सितंबर, 2020- पंजाब में किसानों ने तीन दिनों का रेल रोको आंदोलन शुरू किया था. 25 सितंबर को अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले देशभर के किसान सड़कों पर उतरे थे. किसानों के विरोध के बावजूद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 27 सितंबर को तीनों कृषि विधेयकों पर दस्तखत किए. इससे किसान और भड़क गए 25 नवंबर, 2020 को पंजाब और हरियाणा के किसानों ने तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली चलो का नारा दिया. दिल्ली पुलिस ने किसानों को कोरोना संक्रमण का हवाला देकर दिल्ली में प्रवेश करने से रोका।

बिना किसी राजनीतिक दल के नेताओं के शुरू हुए किसान आंदोलन के चलते 26 नवंबर, 2020 को दिल्ली की ओर बढ़ रहे किसानों को अंबाला में पुलिस बलों का भारी विरोध झेलना पड़ा. किसानों पर ठंडे पानी की बौछार की गई. उन पर आंसू गैस के गोले दागे गए. बाद में पुलिस ने उन्हें दिल्ली कूच करने की इजाजत दी. दिल्ली की सीमाओं पर किसान आकर डट गए. बाद में पुलिस ने किसानों को निरंकारी ग्राउंड में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत दी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किसानों को बातचीत का प्रस्ताव दिया और दिल्ली बॉर्डर छोड़कर बुरारी में आंदोलन स्थल बनाने को कहा. किसानों ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया और जंतर-मंतर पर विरोध करने की इजाजत मांगी।

03 दिसंबर, 2020 को केंद्र सरकार और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच पहले राउंड की वार्ता हुई लेकिन विफल रही. वार्ताओं का हर दौर विफल होता गया उधर किसान आंदोलन पूरे देश में फ़ैल गया 8 दिसंबर, 2020 को किसानों ने भारत बंद का आह्वान किया. दूसरे राज्यों में भी किसानों ने इस बंद का समर्थन किया।

09 दिसंबर, 2020 को किसान संगठनों ने कृषि कानूनों में संशोधन करने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को ठुकराया और कानून वापसी की मांग पर अड़ गए 11 दिसंबर, 2020 को तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि 13 दिसंबर, 2020 केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि किसान आंदोलन के पीछे टुकड़े-टुकड़े गैंग का हाथ है. उन्होंने कहा कि सरकार ने बातचीत का दरवाजा खोल रखा है. इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बात बनने के बजाय बिगड़ती चली गयी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विवाददास्पद कृषि कानूनों पर गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और किसान संगठनों के नुमाइंदों का एक पैनल बना सकती है. 21 दिसंबर को आंदोलनरत किसानों ने विरोध-प्रदर्शन स्थलों पर एक दिन की भूख हड़ताल की. किसान संगठनों और सरकार के बीच छठे दौर की वार्ता के बाद सरकार ने पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधान और बिजली संशोधन बिल भी वापस लिए. लेकिन 4 जनवरी, 2021 को सातवें दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही. सरकार का कानून वापस लेने से इनकार कर दिया।

अब एक लम्बी खामोशी के बाद राकेश टिकैत ने किसानों को चेताया कि जमीन छीनने की तैयारी है, गलत तरीके से भूमि अधिग्रहण किया जाता है. हमारे आंदोलन का अगला पड़ाव फिर दिल्ली होगा. 20 मार्च से संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में दिल्ली में आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 20 साल तक की लड़ाई के लिए तैयार रहें. किसानों का नए सिरे से होने वाला आंदोलन 2020 के आंदोलन की तरह कामयाब होगा या नहीं, ये कहना अभी कठिन है किन्तु इतना जरूर है कि किसानों के दोबारा आंदोलन की घोषणा से भाजपा सरकार और पार्टी दोनों की नींद में खलल तो जरूर पड़ेगा. मुमकिन है कि सरकार और भाजपा इस नए परिदृश्य के बाद अपने 400 दिन वाले चुनावी रोडमैप की समीक्षा करने के लिए मजबूर हो जाये।

# शराब की नहीं दूध की नीति बनाइए, सरकार

-राकेश दुबे

मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती दूध और ख़ास कर गाय के दूध की पैरवी करते हुए शराब के विरोध में आंदोलन चला रही है। उमा भारती की पार्टी राज्य और केंद्र दोनों जगह सरकार में है। दोनों ही सरकार दूध कर दाम बढ़ा चुकी है और भी बढ़ने के आसार हैं। भाजपा गौवंश सेवा की वकालत करने वाला राजनीतिक दल है, अजीब बात है उसकी सरकारें शराब की नीति बनाती है और ज़ोर-शोर से लागू करती है। देश में दूध उत्पादन [ आपरेशन फ़्लड छोड़कर ] की आज तक कोई नीति नहीं बनी, सारी सरकारों को शराब से मतलब है दूध और उसकी क़ीमतों को थामने में किसी की रुचि नहीं है।

दूध के दामों में लगातार वृद्धि आम लोगों की परेशानी बढ़ाने वाली है। मूल रूप से शाकाहारी भारतीयों के खाने-पीने में दूध की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्धों तक के लिये दूध अपरिहार्य आहार ही है। स्वस्थ से लेकर बीमार तक , लोगों का जीवन बिना दूध के अधूरा है। ऐसे में दूध की कीमतों में वृद्धि आम लोगों का बजट बिगाड़ देती है।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दूध के कारोबार में बड़ी व सहकारी कंपनियों की खासी दखल रही है। अब इस क्षेत्र की बड़ी कंपनियां कीमतों की नियामक बन गई हैं। ऐसी स्थिति में कई भारतीयों के लिये दूध खरीदना टेढ़ी खीर बनती जा रही है। मेरे एक मित्र ने भोपाल में गाय का दूध उपलब्ध कराने के इरादे से बाज़ार ढूँढा और जिस बड़े समूह को उन्होंने लक्षित किया उस समूह ने दूध में कोई रुचि नहीं दिखाई ग्गाय में रुचि की बात यह समूह ज़ोरों से करता है।



दूध की सप्लाई करने वाली मदर डेरी ने गत दिसंबर में दूध के दाम में दो रुपये लीटर की वृद्धि की थी, जिसे बीते साल में दामों में हुई पांचवीं वृद्धि बताया गया। इसके बाद अब दूसरी बड़ी सहकारी दूध कंपनी अमूल ने तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ा दिये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुजरात की इस कंपनी ने नवंबर में भी दूध के दाम बढ़ाए थे। उपभोक्ताओं द्वारा सवाल अमूल की दोहरी कीमत नीति को लेकर भी उठाये जाते रहे हैं कि क्यों गुजरात व शेष देश में कीमतों में अंतर होता है? क्या इसके पीछे राजनीतिक निहितार्थ हैं? किसी उत्पाद की राष्ट्रीय स्वीकार्यता के आलोक में इसे देखा जाना चाहिए। वैसे तो देश भर में दूध के दामों में वृद्धि के मूल में मांग व आपूर्ति का असंतुलन बताया जाता रहा है।

गाय-भैंस के चारे के दामों में वृद्धि ने भी दूध उत्पादकों का मुनाफा कम किया है। जहां महंगाई की मार चारे पर पड़ी है, वहीं खेती के ट्रेंड में आये बदलाव से अब तक सहज उपलब्ध चारा मुश्किल से मिलता है। पहले जो पराली आदि पालतू जानवरों के लिये सहज उपलब्ध थी, उसे किसान अब खेतों में यूं ही जला देते हैं।

दूध के दामों में वृद्धि के पीछे लागत में वृद्धि बता रही हैं, वहीं मांग व आपूर्ति का असंतुलन भी दाम बढ़ने का बड़ा कारक है। खेती-पशुपालन के प्रति नई पीढ़ी का घटता रुझान और खेती योग्य जमीन के बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उद्देश्य, भवन निर्माण व अन्य कार्यों के लिये इस्तेमाल से कृषि भूमि का संकुचन हुआ है। जिसका असर पशुपालन पर भी हुआ है। बताते हैं कि आम भारतीय के खाने पर होने वाले मासिक खर्च का बीस प्रतिशत दूध व उसके उत्पादों पर होता है।

गांवों के मुकाबले शहरों में दूध की उपलब्धता में कमी के चलते यह खर्च बढ़ जाता है। यूं तो पिछले दशक में समाज के हर वर्ग में दूध व उसके उत्पादों का उपयोग बढ़ा है,लेकिन उस अनुपात में आपूर्ति नहीं बढ़ी। पिछले दिनों कई राज्यों में लंपी रोग से लाखों गायों के मरने का भी दूध की आपूर्ति पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। वहीं भैंसों में मुंह-खुर रोग का असर देखा गया है।

इसके विपरीत उत्पादन में कमी के बावजूद बाजार में दूध, उससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि बाजार में दूध की बहार कैसे है? कैसे आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना हुआ है? क्या इसमें बड़ी भूमिका रासायनिक व मिलावटी दूध की है? वैसे भी जिस पैमाने पर दूध की जांच जिम्मेदार विभाग द्वारा की जानी चाहिए थी, वह नहीं हो रही है। निगरानी करने वाले तंत्र की पांचों उंगलियां घी में रहती हैं और कृत्रिम दूध आपूर्ति करने वालों की पौ-बारह।

वैसे भी सरकारों के स्तर पर दूध उत्पादन बढ़ाने और इस दिशा में शोध-अनुसंधान को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी होने की ओर बढ़ रहे देश के लिये दूध की सामान्य आपूर्ति हो सकेगी? सरकार को ऐसे कदम उठाने होंगे कि दुग्ध उत्पादकों को सही कीमत मिल सके और उपभोक्ता को गुणवत्ता का दूध।

# अपनी भाषा अपना विज्ञान: कृत्रिम न्यूरान कोशिका का निर्माण

डॉ अपूर्व पौराणिक

अपनी भाषा अपना विज्ञान के दूसरे अंक में मैंने ब्रेन कम्प्युटर इंटरफेस की अवधारणा और कुछ उदाहरणों का उल्लेख किया था। यह भी बताया था कि धातुई-यांत्रिक इंप्लांट के स्थान पर यदि जैविक कार्बनिक यौगिकों के उपांग हो तो बेहतर होगा।

मस्तिष्क की कार्यात्मक और रचनात्मक इकाई है 'न्यूरॉन कोशिका'। शरीर के दूसरे अंगों और उत्तकों की कोशिकाओं की तुलना में न्यूरॉन के रंग ढंग और विशिष्ठताएं निराली हैं। क्या कृत्रिम न्यूरॉन कोशिकाएं बनाना संभव है जो बायोलॉजिकल जैसे गुण धारण करती हो? स्वीडन की लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने कृत्रिम जैविक (ऑर्गेनिक) न्यूरॉन का निर्माण करा है जिनके गुण प्राकृतिक तंत्रिका कोशिकाओं से काफी हद तक मिलते जुलते हैं।

सामिआन फाबिआनो की टीम ने कंडक्टेंस बेस्ड आर्गेनिक इलेक्ट्रोकेमिकल नर्व सैल (सी-ओईसीएन) विकसित करें। कृत्रिम न्यूरॉन कोशिकाएं जो विद्युत-रासायनिक क्रियाओं को अंजाम देती हैं।

प्राकृतिक न्यूरॉन कोशिकाओं में अनेक विशेषताएं होती है। वे अनेक प्रकार के काम संपादित करती हैं। उनकी काया (सैल बाडी) की बाहरी झिल्ली की अंदरूनी और बाह्य सतहों पर सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड, कैल्शियम आदि अनेक प्रकार के आयन्स रहते हैं, जो अंदर बाहर आते जाते कुछ मिलीवोल्ट के विद्युतीय आवेग बनाते व मिटाते रहते हैं।

ये आवेग एक कोशिका से दूसरी सैकड़ों हजारों कोशिकाओं के मध्य समस्त दिशाओं में बहते रहते हैं, बंद-चालू होते हैं।

उद्दीपनशीलता एक प्रमुख गुण है। (एक्साइडेबिलिटी) स्वीडन के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित (सी-ओईसीएन) में न्यूरॉन कोशिकाओं के 20 प्रमुख गुणों में से 15 संभव हो पाए हैं। सबसे खास है झिल्ली पर आयन के आदान-प्रदान द्वारा विद्युतीय गतिविधि का संचार होना।



शुरू में यह काम सिलिकॉन पॉलीमर पर किया गया था जो आयन्स की सान्द्रता से प्रभावित नहीं होते थे। फिर भी 2018 में फाबिआनो और साथियों ने विद्युत संदेश प्रवाहित करने वाले सिलिकॉन पालीमर विकसित कर लिए थे। हाल ही के वर्षों में महीन नरम, मुड़ सकने वाली झिल्लियों पर ऑर्गेनिक इलेक्ट्रोकेमिकल सर्किट्स का हजारों की संख्या में मुद्रण संभव हो गया है। कृत्रिम न्यूरॉन कोशिकाओं में विद्युतीय वोल्टेज को कम ज्यादा करना और उनकी फायरिंग की गति को नियंत्रित करना संभव है।

एक प्रयोग में (सी-ओईसीएन) टाइप के न्यूरॉन्स को एक चूहे की वेगस नर्व से जोड़ा गया। यह नाड़ी ब्रेन से निकल कर छाती व पेट के सभी अंगों को सप्लाई करती है। कृत्रिम कोशिकाओं की सक्रियता के चलते, वेगस नाड़ी के कार्यकलाप पर असर पड़ा और हृदय गति कम हुई। यह खोज मेडिकल इलाज में नई संभावनाओं के द्वार खोलती है।

जैविक विद्युत-रासायनिक न्यूरॉन कोशिकाओं के छोटे-बड़े समूह और उनके मध्य बिछाए गए परिपथ, धातुओं से बने नॉन-ऑर्गेनिक विद्युतोद की तुलना में बेहतर रहेंगे क्योंकि ये जैवसंगत है। मुलायम और नमनीय हैं तथा शरीर के इम्यून तंत्र और मेटाबॉलिज्म से छेड़छाड़ नहीं करते हैं। इनके विरुद्ध विदेशी बहिरागत जैसा व्यवहार नहीं होता है। मेटल धातु से बने कृत्रिम नेटवर्क की तुलना मे जैविक एलेक्ट्रोड को सक्रिय रखने के लिए कम बैटरी की जरूरत पड़ती है। कम ऊष्मा पैदा होती है।

शोध पत्रिका नेचर मटेरियल के हाल ही के एक अंक में प्रकाशित लेख के प्रमुख लेखक ऋषिकेश ने स्वीकार किया कि अभी तो बस शुरुआत है। न्यूरॉन कोशिकाओं के 15-20 गुण कैसे उनके आपसी परिपथों द्वारा संपादित कामों को अंजाम देते हैं, इस बारे में हम बहुत कम जानते हैं। जैसे जैसे यह समझ विकसित होगी वैसे वैसे ब्रेन की कार्यप्रणाली उजागर होती जाएगी और मानव भविष्य में कृत्रिम न्यूरॉन कोशिकाओं के जटिलतर परिपथ डिजाइन करना, उन्हें बड़ी संख्या में मुद्रित करना और नर्वस सिस्टम के नाना प्रकार के स्थलों पर उनका असर डालना सीखता जाएगा। धीरे-धीरे ये काम ऐसे लगेंगे जैसे मानो 'बुद्धि' सक्रिय है।

यह मजेदार तथ्य है कि अनेक मशीनों को गढ़ा इंसान ने फिर उन मशीनों की कार्यप्रणाली से समझ बनी कि 'अरे हमारे या अन्य प्राणियों के शरीर का फलां फलां अंग ऐसे काम करता होगा'।

डिजिटल कैमरा और हमारी आंखें, काकलियर इंप्लांट और हमारे अंदरूनी कान का असली काकलिया, कम्प्युटर व कृत्रिम न्यूरॉन तथा हमारा मस्तिष्क, वायुयान और पक्षियों का उड़ना, रेडार और चमगादड़ की उड़ान, मछलियों का तैरना और पनडुब्बी। ऐसे अनेक उदाहरण हैं।

सी-ओईसीएन की प्रभावशीलता दर्शाने वाला एक प्रयोग 'वीनस फ्लाई ट्रैप' नामक मांसाहारी पौधे के साथ किया गया। जैसे ही कोई कीड़ा कटोरे नुमा पत्ती पर बैठता है, उसका ढक्कन बंद हो जाता है और जहरीले रसायनों के रिसाव से वह कीड़ा मर कर भोज्य पदार्थ बन जाता है।

जैविक कृत्रिम न्यूरॉन कोशिकाओं की एक छोटी सी चिप इस पौधे में फिट कर दी गई तथा उसके कोटर के ढक्कन के खुलने, बंद होने की प्रक्रिया पर नियंत्रण किया गया।

जैविक सेमीकंडक्टर्स से बनी बायोएलेक्ट्रोनिक चिप शरीर के अंगों मे आसानी से घरोपा बना लेती हैए रिश्ते विकसित कर लेती हैए जरूरत हो तो ठपवकमहतंकंइसम हो सकती है । इनका प्रोग्रामिंग किया जा सकता है ।

कृत्रिम उपांगों के इतिहास के आरंभिक उदाहरणों मे हम जूता, छड़ी, चश्मा से शुरू करते हुए लंबी यात्रा तय कर चुके हैं। कृत्रिम अंग (जयपुर फुट) की उपयोगिता सर्वविदित है। बायोलोजिकल आदान प्रदान का इतिहास नया है। रक्तदान एक शुरुआती उदाहरण था। बाद मे अंगदान का उपयोग सफल होने लगा। प्रयोगशाला मे टिशू कल्चर द्वारा लिवर, किडनी आदि अंगों के निर्माण पर प्रगति हुई है। हजारों कृत्रिम लेकिन आर्गेनिक न्यूरॉन कोशिकाओं के परिपथों की चिप की बड़ी संख्या मे प्रिंट करके नर्वस सिस्टम में उन्हें फिट कर पाना एक चमत्कार होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## दिव्यांगों के लिए बनी वरदान विकास यात्रा

छतरपुर। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में विकास यात्रा के पांचवे दिवस बक्स्वाहा में शिविर के माध्यम से पूर्व में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को एल्मिकों के सहयोग से जरूरी उपकरण वितरित किये गए। यह शिविर समस्त विकासखण्डों के जनपद शिक्षा केन्द्रों में आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को बक्स्वाहा में समारोह पूर्वक चिन्हित 63 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, सुनने की मशीन, एसएसआईडी किट सहित आदि उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि 10 फरवरी को गौरिहार, 11 को बड़ामलहरा, 13 को लवकुशनगर, 14 को राजनगर, 15 को बिजावर, 16 को नौगांव एवं 17 को छतरपुर में शिविर का आयोजन किया जाना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में विकासखण्डवार दिव्यांगता के अनुसार एल्मिको के डाक्टरों के सहयोग से उपकरण की आवश्यकता का मूल्यांकन किया गया था। जिसके अंतर्गत 400 से अधिक दिव्यांगों को उपकरण वितरित के लिए चिन्हित किया गया था।

## जैविक खेती को लेकर बैठक आहूत की गई

ग्रामीण मंडल नैनपुर के ग्राम मक्के में प्राकृतिक खेती जैविक खेती को लेकर बैठक आहूत की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजाराम शर्मा भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री ,मंडल अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास जी के द्वारा जैविक खेती को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई है श्री शर्मा जी किसान सम्मान निधि से लेकर प्रदेश सरकार केंद्र सरकार की अन्य उपलब्धियों योजनाओं का बखान करते हुए अनेक योजनाओं के संदर्भ में विषय रखा ऐसा संभव अगर है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार मैं संभव है इस अवसर पर किसान मोर्चा के श्री प्रवीण गिर चरण सिंह साहू अयोध्यापुरी विजय रजक हीरा लाल साहू सिया नंद शिवपुरी गोस्वामी राजीव रंगीला महाप्रसाद साहू यदु साहू बसंत साहू अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न

## ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

छतरपुर। अति. जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर द्वारा छात्रों की वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10(2) के तहत जारी किया गया है। जो परीक्षा समाप्ति तक जारी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। विशेष आयोजनों के अवसर पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति देने हेतु अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। जिनकी अनुमति प्राप्त होने पर दिन के समय केवल 45 डी.बी. तथा रात्रि 10 बजे तक केवल 40 डी.बी. की ध्वनि पर प्रसारण हो सकेगा।

## परीक्षा के मद्देनजर धारा 144 प्रभावशील

छतरपुर, ।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर जिले में म.प्र. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत तुरंत प्रभाव से परीक्षा समाप्ति तक प्रतिबांत्मक निषेध आज्ञा के आदेश जारी किये है। जिसके तहत बोर्ड परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक शस्त्र, बंदूक, राइफल, पिस्टल, भाला, बल्लम, बरछी, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार एवं विस्फोटक सामग्री लेकर परीक्षा केन्द्र स्थल पर नहीं आ जा सकेंगे।परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर परिधि में 5 से अधिक व्यक्तियों का समूह बनाकर खड़े रहने पर भी प्रतिबंध रहेगा तथा 100 मीटर परिधि में दो एवं चार पहिया वाहन का अस्थायी रूप से खड़ा रहना भी प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघनकर्ता पर आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्यवाही होगी। इस आदेश से शासकीय आदेश से शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, परीक्षा स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये नियुक्त पुलिस अधिकारी को छूट रहेगी और शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा दिव्यांगता होने के कारण जिन्हे लाठी रखना आवश्यक है उन्हें भी छूट रहेगी।

## जिले में विकास यात्राओं के दौरान लोकार्पण व भूमिपूजन

नरसिंहपुर। जिले में रविदास जंयती 5 फरवरी से 2 मार्च तक विकास यात्रायें निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में 9 फरवरी को जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रायें निकाली गई। जनप्रतिनिधियों ने चारों विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा व नरसिंहपुर में करोड़ों रुपये की लागत के अनेक निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी हितग्राहियों को वितरित किये। गुरूवार 9 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर में 18 लाख रुपये लागत के 5 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 1 करोड़ 45 लाख रुपये लागत के 17 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में 46.40 लाख रुपये लागत के 4 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 2 करोड़ 10 लाख रुपये लागत के 9 कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

## कलेक्टर ने किया विभिन्न जल संरचनाओं का निरीक्षण

नरसिंहपुर.। बरांझ नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रम्पुरा में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने विभिन्न जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। इसमें पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार, परकोलेशन तालाब, बोल्डर चैक डेम, स्टाप डेम, गेबियन संरचना आदि शामिल हैं। यहां प्रस्तावित डग पांड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यहां वर्षभर पानी की उपलब्धता रहे, इसके लिए पडलिंग व पिचिंग का कार्य सुनिश्चित किया जाये। इसके समीप पौधरोपण एवं सेल्फी प्वाइंट भी बनाये जा सकते हैं। स्वसहायता समूह के माध्यम से यहां मछली पालन किया जाये, जिससे समूहों को अतिरिक्त आय हो सके। पाड़ाझिर नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुटौरी में बोल्डर चैक डेम एवं ग्राम पंचायत नांदिया में गेबियन स्टेक्चर देखे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अमृत सरोवर के समीप अतिक्रमण की गई भूमि से अतिक्रमण हटवाया जाये और पोषण वाटिका बनाई जाये। नाला निर्माण के दौरान नालों का गहरीकरण हो एवं यहां की झाड़ियों की साफ- सफाई की जाये।



नैनपुर विकास यात्रा के दौरान आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया।

# 6 दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

ओबैदुल्लागंज। नगर पंचायत क्षेत्र के रेहटी रोड के पास संतोषी माता मंदिर लाइन में बनी 6 दुकानों में लगी आग लाखों का नुकसान हुआ नगर पंचायत ओबैदुल्लागंज फायर गाड़ी है खराब संतोषी माता मंदिर चौराहे पर गश्त पर भी नहीं थी पुलिस जिला कलेक्टर से सख्त कार्यवाही की मांग

नगर पंचायत औबेदुल्लागंज के अंतर्गत रेहटी रोड चौराहे के पास संतोषी माता मंदिर के पास बनी 6 दुकानों में अज्ञात कारणों से लगी आग में सभी दुकानों पर रखे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले का कार्यालय भी जला इस पूरी घटना को लेकर दुकानदार और जनप्रतिनिधि में नगर पंचायत और बिजली विभाग के खिलाफ लोगों मैं रोष है बीती रात सुबह 4:00 बजे के लगभग संतोषी माता मंदिर लाइन की 6 दुकानों पर अचानक आग लगने से सभी दुकाने जलकर खाक हो गई लेकिन नगर पंचायत औबेदुल्लागंज फायर गाड़ी नहीं आ सकी वही रात पुलिस रेहटी रोड पर नहीं थी घटना की जानकारी बीती रात्रि सुबह 4 बजे के लगभग इंदौर से शादी समारोह से वापस लौट रहे वार्ड क्रमांक 15 दीनदयाल कॉलोनी के सिंह साहब द्वारा आग लगी देखी तो गरिमा मेडिकल स्टोर के संचालक को जानकारी दी गई उसके बाद संचालक ने विद्युत मंडल को भी फोन किया बार-बार फोन लगाने के बाद विद्युत मंडल के कर्मचारी फोन रिसीव नहीं किया वही दैनिक सांध्य प्रकाश के संवाददाता ने लोगों से बात की तो एक दुकानदार ने बताया की रात में लाइट बंद चालू हो रही थी इसकी जानकारी हमने विद्युत विभाग को दी लेकिन कोई कर्मचारी इसे सुधारने नहीं आया नगर पंचायत की फायर गाड़ी खराब पड़ी हुई है नहीं तो आग पर जल्द ही काबू पा लिया जाता और कुछ दुकानें आग की चपेट से बच सकती थी मंडीदीप से आई फायर गाड़ी ने आग पर काबू पाया वहीं पुलिस रात्रि गश्त पर रेहटी रोड पर नहीं थी यदि पुलिस का रेहटी रोड चौराहे पर होती तो यह आग पर और जल्दी काबू हो सकता था नगर के व्यापारियों ने नगर पंचायत विद्युत मंडल के खिलाफ जिला कलेक्टर से सख्त कार्यवाही की मांग की एवं सभी दुकानों को शीघ्र ही मुआवजा देने की मांग की है



**इनका कहना है .**

औबेदुल्लागंज पुलिस रात्रि गश्त पर थी उन्होंने मंडीदीप फायर बिग्रेड को एक फोन लगाकर घटनास्थल पर बुलाया जिससे आग पर काबू पाया जा सका आग दुकानों के अंदर ही अंदर लगती गई जिससे कुछ देरी से पता चला

औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी **संदीप चौरसिया**

नगर परिषद की फायर गाड़ी का पेट्रोल टैंक फूटा हुआ है इसकी मरम्मत के लिए हमने गाड़ी को भेजा है इसी बीच यह अनहोनी हो गई है हम पीड़ितों के साथ हैं और नगर परिषद द्वारा उनकी संपूर्ण मदद की जाएगी

नगर परिषद अध्यक्ष **लक्ष्मी सोनू चौक से**

# हमारा संकल्प है कि प्रदेश में लगातार उद्योग धंधे लाना : मुख्यमंत्री



धार। हमारा संकल्प है कि प्रदेश में लगातार उद्योग धंधे लाना ताकि हम रोजगार के अवसर पर भी सृजित करें और अर्थव्यवस्था को भी बदल दें। इसलिए इंदौर में ग्लोबल समिट हमनें किया था। जिसमें 15 लाख 22 हजार 550 करोड़ रूपए निवेश के प्रस्ताव हमारे पास आए थे। उनमें से कई क्रियान्वित हो रहे है और हम पीछा नहीं छोड़ेंगे उनका। अलग-अलग क्षेत्रों को प्रदेश में लाएंगे इससे रोजगार के अवसर भी हमारे यहाँ पैदा होंगे और इसी से समृद्धि आएगी। इसके लिए लगातार हमारी टीम इस प्रयास में है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बदनावर में न्यू ज़ील फैशन वेयर इकाई की भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कही । मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वे वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने उद्योगपति से कहा कि मप्र की धरती पर आप जो उद्योग लगा रहे है वह आनंद का विषय है, खासकर छायन क्षेत्र के लिए। ऐसी इंडस्ट्री जिसकी देश ही नहीं पूरी दुनिया में साख है, जो यहां शुरू होने वाली है। इनके उत्पाद भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में जा रहे है। हमारे लिए भी यह गर्व का विषय है कि हमारे यहां जो चीज बनेगी वह पूरी दुनिया में एक्सपोर्ट होगी और विदेश मुद्रा हमारे देश में आएगी। आज रोजगार सबसे बड़ी जरूरत है। रोजेगार चाहिए काम करने वाले हाथ हमारे पास है। इस इंडस्ट्री में 12 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। जिसमें 95 प्रतिशत महिलाओं को प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कहा जील फैशन परिवार ने सफलता पूर्वक आयोजित ग्लोबल समिट में वादा किया था ।

## होंडा मोटरसाइकिल शोरूम में अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

### 2 मोटरसाइकिल 3 लेपटॉप व मोबाइल के साथ अन्य सामान चुराया, पीछे के रास्ते से घुसे चोर

औबेदुल्लागंज। नगर के बायपास विशनखेड़ा पुलिया के समीप संचालित जेबी होंडा मोटरसाइकिल शोरूम में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है।इस चोरी की घटना से सुरक्षा के सवाल खड़े हो गए।चोरों ने इस बड़े शो रूम से लगभग 5 लाख से अधिक के माल पर हाथ सफाया किया है।इनमें अज्ञात चोरों ने दो मोटरसाइकिल,तीन लैपटॉप,दो मोबाइल चोरी के साथ अन्य कीमती सामान को चुराकर ले गए।घटना गुरुवार की है जब शो रूम संचालक शो रूम पहुँचे तो घटना का पता चला।जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल की और अन्य निरीक्षण परीक्षण किया।रिपोर्ट पर थाना में प्रकरण दर्ज किया गया।वही इस बड़ी घटना से लोग काफी डरे हुए है।

पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया है।जांच पड़ताल चल रही है।घटना स्थल का एक्सपर्ट से निरीक्षण करवाया है।जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**संदीप चौरसिया** थाना प्रभारी औबेदुल्लागंज



मेरे शोरूम से लगभग 5 लाख से अधिक की चोरी हुई है।इसमें मोटरसाइकिल, लेपटॉप, मोबाइल,एलईडी और अन्य सामान शामिल है।

होंडा शोरूम संचालक **मनोज जायसवाल**

## एटीएम एक्सचेंज कर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

सिवनी– जिले की सिवनी पुलिस ने बुधवार को एटीएम एक्सचेंज कर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के डूंडा सिवनी थाने में 25 दिसंबर 22 को श्रीमति हृदयेश सूर्यवंशी निवासी टैगोर वार्ड डूण्डासिवनी ने शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 27 नवम्बर 22 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बरघाट रोड बिजली आफिस के सामने स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम मशीन में पैसे निकालने में मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड धोखे से बदलकर दिनांक 27नवम्बर 22 से 15 दिसंबर 22 तक कुल 10,49,934/- रूपये की राशि उसके बैंक खाते से निकाली गई है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भादवि की धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आगे बताया गया कि अज्ञात आरोपीयो की तलाश पतासाजी हेतु थाना प्रभारी डूण्डासिवनी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात आरोपीयो की पतासाजी हेतू प्रयास प्रारम्भ किये गये। विवेचना टीम द्वारा प्रार्थीया के बैंक खातो से हुए ट्राजेक्शन के आधार पर जिन-जिन स्थानो से राशि आहरित की गई है उन स्थानो के सीसीटीव्ही फुटेज एकत्र किये गये। सीसीट्व्ही फुटेज के आधार पर अपराध मे संलिप्त वाहन की जानकारी प्राप्त की। और विवेचना टीम द्वारा सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर राजा पुत्र दिनेश चंद्रवर्मा निवासी द्वारका नगर जबलपुर, शाहरुख पुत्र गफ्फूर खान निवासी बटउपुरा पुराना शहर धौलपुर राजस्थान, अजय पुत्र शिवसिंह निवासी किरी मोहल्ला नाई बस्ती धौलपुर राजस्थान , ईशाक खान पिता नन्हे खान निवासी कुरियन गली राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान, को 07 फरवरी 23 को जबलपुर से पकड़ा गया।

## सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति समारोह 15 को मनाया जावेगा

सिवनी– महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रख्यात कवित्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान जी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला स्मृति समारोह दिनांक 15 फरवरी 2023 को दोपहर 1:00 से सुभद्रा स्मारक कलबोड़ी में मनाया जावेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के कार्यक्रम विद्वानों के विचार एवं रचनाकारों के द्वारा कविता पाठ किया जावेगा। इसके साथ साथ त्रिवेणी परिषद जबलपुर के द्वारा डॉ उपासना उपाध्याय की टीम के द्वारा सुभद्रा जी पर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जावेगी। उल्लेखनीय है कि सुभद्रा कुमारी चौहान जी का निधन ग्राम कल बोड़ी में एक कार दुर्घटना में दिनांक 15 फरवरी 1948 को हो गया था। इसी स्थान पर सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के द्वारा उनका एक स्मारक बनाया गया है जहां पर विगत 25 वर्षों से स्मृति समारोह का आयोजन किया जाता है। एवं रात्रि में एक विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष रात्रि कालीन कवि सम्मेलन हाई स्कूल की परीक्षाओं के उपरांत अप्रैल माह में आयोजित किया जावेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल एवं सचिव सुरेंद्र सिसोदिया अनुज ने समस्त साहित्यकारों साहित्य प्रेमियों एवं बुद्धिजीवी नागरिक बंधुओं से दिनांक 15 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे सुभद्रा स्मारक कल बोड़ी में उपस्थिति की अपील की है।

## किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएँ

सीहोर। किसान सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को ब?ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गौ-मूत्र से खाद भी बनाया है। मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में कोरोना के बाद प्राकृतिक उत्पाद की मांग ब?ी है।

## विकास यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों में पहुंचे जनप्रतिनिधि

खण्डवा । विकास यात्रा के छठवें दिन आज मांधाता विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्री नारायण पटेल द्वारा ग्राम बड़नगर में कन्या पूजन कर आजीविका मिशन की महिलाओं से भेंट की तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में बने मकान का गृह प्रवेश कराया। इसके उपरांत ग्राम बीजापुर में हनुमान मंदिर में 5 लाख रूपये की लागत से छत चबूतरे का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नंदा भलावे कुशरे के साथ ग्राम मोहना में आंगनवाड़ी का निरीक्षण तथा ग्राम में हितग्राहियों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली तथा पोषण वाटिकाओं का निरीक्षण कर कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर मिल रहा है यह अच्छी बात है।

हरसूद विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दिव्यदित्त शाह ने ग्राम भंवरलीमाल, चिकली के ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इसके अलावा ग्राम धनोरा में 62.30 लाख की लागत से निर्मित नल जल योजना का भूमिपूजन किया।

पंधाना विधानसभा अंतर्गत स्थानीय विधायक श्री राम दांगोरे ने विकास यात्रा के दौरान पंधाना के ग्राम कुदाल्दा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत श्री राधेश्याम को गृह प्रवेश कराया तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। खण्डवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आज विधायक श्री देवेन्द्र वर्मा द्वारा ग्राम अमलपुरा में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन पत्र का वितरण किया तथा ग्रामवासियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने को कहा।

## बिजली कपंनी ने बनाया सख्ती का मन, बकायादारों के कराएगी बैंक खाते सीज, खसरों में दर्ज होगी बकाया राशि

अनिल राय, सीहोर।लगातार घाटे में चल रही बिजली कंपनी ने घाटे से उबरने के लिए अब सख्ती करने का मन बना लिया है। कंपनी बकायादारों का बैंक खाते सीज कराने एवं किसानों के खसरों में बकाया राशि दर्ज कराएगी।

बिजली कंपनी ने बकायादारों उपभोक्ताओं पर कार्यवाही से बचने के लिए बिजली बिल का समय पर भुगतान कराने का आग्रह किया है। विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के के सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिजली बिलों के साथ ही वर्तमान देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। कंपनी द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं के विरूद्ध की जाने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय कार्यवाही से बचें। कंपनी द्वारा बिजली बिल बकायादारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के बैंकों से संपर्क कर उनके बैंक खाते सीज कराने के साथ ही बकायादारों के खसरे में भी बकाया राशि की जानकारी दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

बिजली कंपनी चला रही बकाया राशि वसूली और चैकिंग अभियान कंपनी द्वारा बिजली बिलों की बकाया राशि वसूली के लिए वृहद स्तर पर वसूली एवं चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं के घर जाकर राजस्व वसूली की जा रही है साथ ही मैदानी स्तर पर सघन चैकिंग एवं राजस्व वसूली की वृद्धि के प्रयास तेज कर दिये गये हैं। कंपनी द्वारा सभी मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि वसूली करने, भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सी-फार्म एवं कुर्की करने के साथ ही बकायादार उपभोक्ताओं के बैंक खाते सीज कराने एवं खसरों में बकाया राशि की जानकारी दर्ज कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। कंपनी ने बताया है कि बकायादार उपभोक्ताओं से वसूली, कुर्की एवं बैंक खाते सीज करने एवं खसरों में बकाया राशि की जानकारी दर्ज कराने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बिजली कनेक्शन विच्छेदन, खसरों में बकाया राशि की जानकारी दर्ज होने, कुर्की एवं बैंक खाते सीज होने की अप्रिय कार्यवाही से बचने के लिए विद्युत बिलों का भुगतान तत्काल निश्चित करें।

## कलेक्टर ने किया आंगनवाड़ी व हाई स्कूल का निरीक्षण

खण्डवा। कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने आज पंधाना विकासखण्ड का दौरा कर स्कूल एवं आंगनवाड़ियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम डुल्हार में आंगनवाड़ी और हाई स्कूल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री कुमार शानू देवड़िया भी साथ थे।

## अनुपयोगी कागजों की नीलामी

खण्डवा 10 फरवरी, 2023 - पुलिस अधीक्षक खण्डवा द्वारा बताया गया कि पुलिस लाइन खण्डवा में कार्यालय संबंधी अभिलेख तथा अनुपयोगी फार्म, पुस्तिकाएं इत्यादि अभिलेख कागजात को श्रेडिंग (कतरन कर) विक्रय किया जाना है। उक्त प्रकार की सभी रद्दी लगभग 5 हजार किलोग्राम होगी। इच्छुक खरीददार पुलिस अधीक्षक कार्यालय खण्डवा में सम्पर्क कर सकते है।

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण- कलेक्टर

# फाइलेरिया (हाथी पांव) को भगाना है एलबेन्डाजोल गोली चबा चबा कर खाना है

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। समाज के हर व्यक्ति इन दोनों बातों को गंभीरता से लें। बीमारी स्वच्छता नहीं रखनें से अधिक संक्रमित होकर फैलती है। घरों में साफ सफाई बनाए रखने पर ध्यान दें। पानी की टंकियों सहित ऐसे बर्तन जिनमें पानी एकत्रित रखते है। उन्हें खुला न रखें। समय पर सफाई करें। हाथी पांव की दवाई का बिना डर के सेवन करें और छतरपुर जिले को हाथी पांव रोग से मुक्त बनाएं।

उन्होंने राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के मौके पर 10 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय छतरपुर में फाइलेरिया उन्मूलन के लिये मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ करते हुए उक्त उद्गार व्यक्ति किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री एवं चिकित्सकों द्वारा स्कूली बच्चों को डीईसी, एलबेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन गोली का सेवन कराया गया। यह अभियान जिले में 22 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में बूथ पर एवं घर-घर दी जाने वाली दवाओं का सेवन करते हुए फायलेरिया रोग को नियंत्रित करने में सहयोग करें। कार्यक्रम में उपसंचालय एवं राज्यकार्यक्रम अधिकारी हिमांशु जयसवाल, सीएमएचओ डा. लखन तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में हाथी पांव बीमारी से जिले को मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

कैसे और कितनी मात्रा में करें सेवन

छतरपुर जिले में 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी एवं एलबेन्डाजोल की 1-1 गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को डीईसी की 2 गोली तथा एलबेन्डाजोल की 1 गोली व 15 से या इससे अधिक वर्ष के लोगों को डीईसी की 3 एवं एलबेन्डाजोल की 1 गोली इस अभियान में खिलाई जाना है। एलबेन्डाजोल गोली कीटाणुनाशक है इसे चबाचबा कर खाना है।

इस गोली को सेवन 0 से 2, गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, गर्भवती माताओं को नहीं करना है।

### आइवरमेक्टिन गोली की ऊंचाई के अनुसार कैसे करें सेवन

90-119 से.मी. लम्बाई के व्यक्ति को पीले रंग की 1 गोली, 120-140 से.मी. वाले को नीले रंग की 2 गोली, 141-158 से.मी. वाले को हरे रंग की 3 गोली तथा 158 से.मी. लम्बाई के ऊपर के व्यक्ति को बैगनी रंग की 4 गोलियों का सेवन खाना खाने के पश्चात् ही करना है। एमडीए के दौरान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आइवरमेक्टिन गोली का सेवन नहीं करना है।




### हाथी पांव बीमारी (लिम्फएड़िया) को कैसे पहचाने

नियुक्त दल दवा के सेवन कराने के साथ करेंगे बीमारी होने की लेंगे जानकारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर 7 हजार 791 दवा सेवक, जो दवा का सेवन कराएंगे, साथ ही मॉनिट्रिंग अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। दलों के द्वारा घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों से मिलना, फायलेरिया रोग से होने वाली परेशानी उसके बचाव के तरीके बताना, एम.डी.के महत्व व उसके फायदे को समझाना एवं दवा खिलाने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

आपके घर के आसपास अथवा ग्राम में किसी व्यक्ति के हाथ, पैर अथवा शरीर के अन्य भाग में सूजन का होना, पुरूष के अण्डकोष में सूजन का होना, शरीर के सूजन वाले हिस्से में बार-बार लालपन का होना, दर्द होकर बुखार आना तथा व्यक्ति की जांघो अथवा बगल की लिम्फ ग्रंथियों में सूजन का होना हाथी पांव बीमारी के लक्षण में आते हैं।

### बचाव एवं सावधानियां

फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है और मच्छर गंदगी में पैदा होते हैं। इसलिए इस रोग से बचना है तो आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। दूषित पानी, कूड़ा जमने ना दें, जमे पानी पर कैरोसीन का छिड़काव करना, सोने के समय मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने देश भर में छोटे व्यवसायों और व्यापारी सहयोगीयों के लिए बिज़खाता लॉन्च किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज अपने करंट एकाउंट -बिज़खाता के लॉन्च की घोषणा की, जो देश भर के छोटे व्यवसायियों और व्यापार करने वालों के लिए असीमित लेनदेन* और तत्काल एक्टिवेशन के साथ आता है। बड़ी संख्या में छोटे व्यवसाय के मालिक व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बचत खातों का उपयोग करना जारी रखते हैं क्योंकि वे व्यवसाय खातों की न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकते हैं। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक लेनदेन को अलग करने की प्रक्रिया को बोझिल बना देता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बिज़खाता को विशेष रूप से इन छोटे व्यापारियों और व्यापार मालिकों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सभी व्यापारिक लेनदेन को एक मंच पर लाता है और उन्हें कई बैंकिंग लाभों का आनंद देते हुए स्पष्ट लेखाजोखा बनाए रखने में उनकी मदद करता है। करंट अकाउंट सॉल्यूशन, एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मौजूदा व नए मर्चेंट्स और बिजनेस पार्टनर्स के लिए उपलब्ध होगा। एक व्यवसायी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और न्यूनतम कागजी कार्रवाई के साथ 5 मिनट के भीतर इस खाते को आसानी से खोल सकता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गणेश अनंतनारायणन ने कहा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक में हमारा लक्ष्य बैंकिंग को सुलभ और सरल बनाना है। हमारे शोध से पता चलता है कि न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को पूरा नहीं करने और लेन-देन की परिभाषित संख्या से अधिक होने पर लगाए गए उच्च शुल्क का डर छोटे व्यवसाय के मालिकों के लिए व्यवसाय खाता शुरू करने में बाधक है। इस बाधा को दूर करने के उद्देश्य के साथ, हमने छोटे व्यवसाय के मालिकों को व्यवसाय बैंकिंग के लाभों को सक्षम करने और प्रदान करने के लिए बिज़खाता की शुरुआत की है। यह हमारे व्यावसायिक उत्पादों के मौजूदा पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।

# एमएक्स प्लेयर और टोयम स्पोर्ट्स 12 को भारत की पहली एमएमए रियलिटी सीरीज़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए और अनकही कहानियों को भारतीय दर्शकों तक पहुंचने का अवसर देने के प्रयास में, एमएक्स प्लेयर की कंटेंट शाखा, एमएक्स स्टूडियोज अब अपने दर्शकों के लिए भारत की पहली एमएमए रियलिटी सीरीज लेकर आया है - कुमिते 1 वॉरियर हंट। एमएमए उत्साही और हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार सुनील शेट्टी द्वारा होस्ट किया गया, एमएक्स स्टूडियो ओरिजिनल, कुमिते 1 वॉरियर हंट16 टॉप पुरुष और महिला एमएमए एथलीटों को प्रसिद्ध एमएमए कोच - भरत खंडारे और पवन मान द्वारा प्रशिक्षित किए जाने के दौरान एक खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। यह घोषणा एमएक्स प्लेयर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, निखिल गांधी, सुनील शेट्टी, टोयम स्पोर्ट्स लिमिटेड, सीएमडी, मोहम्मदअली बुधवानी और प्रसिद्ध खेल हस्तियों महावीर सिंह फोगट, खली और रितु फोगट की उपस्थिति में की गई थी। कुमिते 1 वॉरियर हंट12 फरवरी, 2023 से एमएक्स प्लेयर पर विशेष रूप से स्ट्रीम होगा।

टोयम स्पोर्ट्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में निर्मित, कुमिते 1 वॉरियर हंट ने एसएटीएसपोर्ट न्यूज को शीर्षक प्रायोजक के रूप में जोड़ा है। सीरीज का उद्देश्य एक मजबूत एमएमए समुदाय का निर्माण करना है और एथलीटों का समर्थन करने वाले ब्रांडों में राइडर्स, एक्विटिन, एफआईटीटीआर (प्रत्येक एथलिट को 50000 रुपये दिए गए हैं और एफआईटीटीआर ऐप पर सभी प्रशिक्षकों को शामिल किया गया है), मल्टीफिट (सभी एथलिट को सुनिश्चित रोजगार प्रदान किया गया है) और बॉडी फ़र्स्ट (सभी प्रतियोगियों को आजीवन पोषण सहायता दी गई।

# दिसंबर तिमाही में एलआईसी का शुद्ध मुनाफा 8334 करोड़ रुपये रहा, नेट प्रीमियम इनकम 14.5 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनी दिसंबर तिमाही के आंकड़े जारी कर दिए हैं। जीवन बीमा निगम के अनुसार इस दौरान उसका शुद्ध मुनाफा बढ़कर 8334 करोड़ हो गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 235 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई से सितंबर के क्वार्टर के दौरान बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी का शुद्ध मुनाफा 15952 करोड़ रुपये रहा था। वहीं अप्रैल से जून की तिमाही में बीमा कंपनी का शुद्ध मुनाफा 682.9 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रीमियम इनकम बढ़कर 1.11 लाख करोड़ हो गया है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 97,620 करोड़ रुपये था। इसमें 14.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी का पहले साल का प्रीमियम यानी नया बिजनेस प्रीमियम दिसंबर तिमाही में बढ़कर 9724.71 करोड़ करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वर्ष दिसंबर तिमाही में यह 8,748.55 करोड़ रुपये था। निवेश से एलआईसी की शुद्ध आय सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 84,889 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 76,574 करोड़ रुपये थी। परिणामों की घोषणा से पहले बीएसई पर एलआईसी के शेयर 0.53 प्रतिशत बढ़कर 613.35 रुपये पर बंद हुआ।

# इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़ा

**नईदिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 22 फीसदी बढ़कर 555 करोड़ रुपये पहुंच गया।कुल आय 5,317 करोड़ से बढ़कर 6,006 करोड़ पहुंच गई।इस दौरान बैंक का सकल एनपीए 10.4 फीसदी से घटकर 8.19 फीसदी रह गया।

# नौ संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

**नई दिल्ली।** सेबी ने कहा कि वह इनफिनिटी रियलकॉन, भारत कृषि समृद्धि, रवि किरण रियल्टी व सनहैवेन एग्रो की 9 संपत्तियों की 13 मार्च को नीलामी करेगा। इन कंपनियों ने निवेशकों से रकम वसूली थी और इसके लिए नियामकीय नियमों का पालन नहीं किया था। नई दिल्ली।रिलायंस इंडस्ट्रीज और ब्रिटेन की बीपी के संयुक्त उद्यम जियो-बीपी ने 20 फीसदी एथनॉल मिश्रण वाला ई-20 पेट्रोल पेश किया है। यह सरकार के कच्चे तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन कम करने के कार्यक्रम के अनुरूप है।

# एसआईपी प्रवाह बढ़ने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश चार महीने में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जनवरी, 2023 में चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया ।इस दौरान कुल 12,546 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है । एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुताबिक, यह लगातार 23वां महीना है, जब इक्विटी शेयर से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश हुआ है । इससे पहले, दिसंबर, 2022 में 7,303 करोड़, नवंबर में 2,258 करोड़ और अक्तूबर में 9,390 करोड़ रुपये का निवेश आया था ।

# ओला, एथर, टीवीएस व विडा पर जांच, योजना का फायदा पाने के लिए कीमतें कम रख रही थीं कंपनियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सब्सिडी का दावा करने के लिए कृत्रिम रूप से अपने उत्पादों की कीमतों को कम रखने के मामले में सरकार चार प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माता कंपनियों की जांच कर रही है। इनमें ओला, एथर, टीवीएस मोटर और विडा जांच के घेरे में हैं।

सरकार ने कंपनियों से इन आरोपों पर सफाई देने को कहा है। मंत्रालय ने ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया को जांच का जिम्मा सौंपा है। जानकारी के मुताबिक, यह कंपनियां इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) योजना के तहत सब्सिडी योग्य बनाने के लिए जांच के घेरे में हैं। हो सकता है कि ईवी निर्माताओं ने 300 करोड़ की सब्सिडी का झूठा दावा किया हो।

इससे पहले सरकार ने 12 इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं के कारण 1,100 करोड़ की सब्सिडी रोक दी थी। केंद्र सरकार 10,000 करोड़ की फेम योजना के तहत 10 लाख यूनिट इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। योजना के तहत स्थानीयकरण प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में उनकी विफलता के लिए अलग से एक दर्जन अन्य इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं की जांच हो रही है।

कंपनियां स्थानीय रूप से बने वाहनों की लागत पर 40 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश कर सकती हैं और इसे सरकार से सब्सिडी के रूप में दावा कर सकती हैं। यह योजना ईवी को किफायती बनाने और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए है। योजना के मौजूदा दौर के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माताओं को वित्तीय सहायता के लिए 2,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

**व्हिसल-ब्लोअर की शिकायत के बाद फिर से जांच शुरू-** भारी उद्योग मंत्रालय ने एक व्हिसल-ब्लोअर की शिकायत के बाद फिर से जांच शुरू की है कि इन चार कंपनियों ने वाहन से अलग चार्जर और सॉफ्टवेयर जैसे अन्य कलपुर्जों की बिलिंग करके कम से कम 300 करोड़ की सब्सिडी का झूठा दावा किया है। इस प्रक्रिया से कंपनियां वाहनों की कीमत कम तो रखती हैं लेकिन अन्य रास्तों से वे उतना ही रकम वसूल लेती हैं।

**1.50 लाख से कम कीमत वाले वाहन पर ही किया जा सकता है रियायत का दावा-** फेम कार्यक्रम के तहत, उन इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी का दावा नहीं किया जा सकता है, जिनकी एक्स-फैक्टरी कीमत 1.50 लाख रुपये से अधिक है। यह आरोप लगाया गया है कि इन निर्माताओं ने सब्सिडी के लिए वाहनों की कीमत कम रखने के लिए ग्राहकों को अलग से चार्जर और सॉफ्टवेयर का बिल दिया।

# मुकेश अंबानी करेंगे यूपी में 75 हजार करोड़ का निवेश, 1 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में आज से तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ हो गया है। आयोजन के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस मौके पर मौजूद थे और उन्होंने इसे ट्वीट भी किया है। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने उद्योगपति जैसे मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला मौजूद भी रहे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने इस मौके पर समिट में कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार और ईज आफ डूइंग बिजनेस में सुधार के कारण यूपी नए भारत के लिए आशा का केंद्र बन गया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए इंडस्ट्री और सहयोग दोनों की जरूरत है जिसे उत्तर प्रदेश पूरा कर रहा है। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने अगले चार सालों के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। इस निवेश से करीब 1 लाख नए रोजगार पैदा होने का अनुमान है। लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने दावा किया कि 5 सालों के भीतर ही उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुकेश अंबानी ने 2023 के आखिर तक यूपी के सभी शहरों में 5जी रोलआउट करने की बात भी कही।

**क्या है रिलायंस इंडस्ट्रीज का यूपी के लिए प्लान-** रिलायंस ने यूपी में बायो-गैस एनर्जी बिजनेस में उतरने का एलान भी किया है। इस पर मुकेश अंबानी ने कहा कि बायो-गैस से पर्यावरण में सुधार तो होगा ही किसानों को भी बड़ा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हमारे किसान अन्न दाता तो हैं ही, अब ऊर्जा दाता भी बनेंगे। वहीं एक और ऐलान में मुकेश अंबानी ने कहा कि आरआईएल उत्तर प्रदेश में 10 गीगावॉट की रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा।

# अब याहू में छंटनी की तैयारी, 20 फीसदी से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी कंपनी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** याहू आईएनसी में छंटनी की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि कंपनी 20 फीसदी से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल सकती है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कंपनी अपनी विज्ञापन तकनीक इकाई के एक प्रमुख पुनर्गठन के हिस्से के रूप में यह योजना बना रही है।

**1,600 से अधिक लोगों पर असर पड़ेगा-** रिपोर्ट की मानें तो कंपनी इस इकाई से अपने कुल कार्यबल के 20 प्रतिशत से अधिक को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कटौती याहू के एड टेक कर्मचारियों में से करीब 50 प्रतिशत से अधिक को प्रभावित करेगा। इससे 1,600 से अधिक लोगों पर असर पड़ेगा।

## पहले एक हजार कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

इससे पहले गुरुवार को याहू में काम करने वाले कर्मचारियों को बताया गया कि कंपनी के 12 फीसदी यानी एक हजार कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा देगी और अगले 6 महीनों में कंपनी बाकी आठ फीसदी यानी 600 लोगों की छंटनी कर दी जाएगी। एक इंटरव्यू में याहू के सीईओ ने कहा कि छंटनी का फैसला आर्थिक मुद्दों का परिणाम नहीं हैं।

## डिजनी में भी छंटनी का दौर

इससे पहले मनोरंजन की दुनिया में अपना नाम बना चुके डिजनी में भी छंटनी का दौर शुरू हो गया है। कंपनी ने अपने सात हजार कर्मचारियों को नौकरी से बाहर करने का फैसला कर लिया है। कंपनी के सीईओ बॉब इगर ने इस बारे में जानकारी दी थी। पिछले साल ही बॉब ने सीईओ का पद संभाला है।

## कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

अमेरिका की कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया है। बुधवार को ही टेक कंपनी जूम ने अपने 1300 कर्मचारियों को निकालने का एलान किया था। सोमवार को डेल ने अपने छह हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की थी।

# आप शुरूआत करो मंजिल तक पहुंचाने का साथ हम देंगे: गोविंद सिंह राजपूत

## शुक्रवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के तीन मंडलों में शो मैच सहित 13 मैंच हुये जिसमें 26 टीमों ने लिया हिस्सा

**सागर।** शुक्रवार को राजस्व एवं परिवहन मंत्री सीहोरा मंडल में आयोजित फाईनल मुकाबले में पहुंचे जहां उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि शुरूआत आप करो आपको मंजिल तक पहुंचाने का साथ हम देंगे युवाओं के लिये सुरखी विधानसभा क्षेत्र में लाखों के स्टेडियम तथा जिम बनाये गये है जिसमें आप वर्जिस करके अपने खेलों की प्रेक्टिस करके सुरखी का नाम रोशन करें। तीन मंडलो में 26 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें जैसीनगर एवं राहतगढ़ में दूसरे राऊंड के मैच खेले जा रहे है। तीनों मंडलो में 10-10 ओवर के 13 मैच खेले गये जिसमें जैसीनगर, राहतगढ़ में 5-5 मैच, सीहोरा में शो मैच सहित फाईनल मुकाबला खेला गया। गौरतलब है कि मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ में अब तक 453 मैच खेले जा चुके हैं।



शुक्रवार को सीहोरा में मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ का फाईनल मुकाबला खेला गया जिसमें बजरंगी पीपरा ने 11स्टार सीसी सीहोरा को हराया 3 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच सूर्या रहे। उपविजेता टीम 11स्टार सीसी सीहोरा मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के फाईनल मुकाबले में हिस्सा लेगी।

शुक्रवार को जैसीनगर के पहले मैच में टीम सीनियर11 क्लब जैसीनगर ने टीम मिड़वासा क्रिकेट क्लब को हराया अर्द्धशतक लगाकर चंद्रेश पटैल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में टीम श्रीराम मंदिर तलापार जैसीनगर ने टीम मस्ती क्रिकेट क्लब सेमरागोपालमन को हराया। तीसरे मैच में टीम यंग स्टार क्रिकेट क्लब पड़रई ने टीम अंबेडकर क्रिकेट क्लब ढ़करई को हराया नंदकिशोर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। चोथे मैच में टीम रॉयल कुशवाहा ढ़करई क्लब ने टीम राधे राधे क्रिकेट क्लब खजुरिया को हराया हीरालाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पांचवे मैच में टीम चकेरी क्रिकेट क्लब ने टीम सोठिया क्रिकेट क्लब को हराया हर्ष अर्द्धध शतक लागकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

राहतगढ़ के पहले मैच में टीम ब्रदर्स क्लब बुधवारा ने टीम केजीएफ7 को हराया प्लेयर ऑफ द मैच उमेश रहे। दूसरे मैच में टीम शिकारपुर यादव कृष्णा क्रिकेट क्लब ने टीम एकता क्रिकेट क्लब हिरनखेड़ा को हराया प्लेयर ऑफ द मैच गोविंद रहे। तीसरे मैच में टीम झिला झंडा चैक क्रिकेट क्लब ने टीम कोलुआ क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच युवराज रहे। चोथे मैच में टीम बम्हौरीसेठ क्रिकेट क्लब ने टीम उमरियासेमरा2 क्रिकेट क्लब को हराया प्लेयर ऑफ द मैच पवन चढ़ार रहे।

# स्विस कंपनी बना रही है एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत और एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि यह उत्तर भारत के गेटवे होगा और इससे उत्तर प्रदेश के विकास को नए पंख लगेंगे। इसका पहले चरण 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। इस एयरपोर्ट का निर्माण स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया कर रही है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चल रहे यूपी इन्वेस्टर्स समिट में कंपनी ने नोएडा एयरपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंपनी ने दावा किया कि यह ऐसा एयरपोर्ट होगा जिस पर यूपी और भारत को गर्व होगा। यह पश्चिमी यूपी में विकास के नए रास्ते खोलेगा। यह इलाका मैन्युफैक्चरिंग और कॉमर्स का हब बनकर उभरेगा। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और लॉजिस्टिक कॉस्ट में



कमी आएगी।

ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बर्चर ने कहा कि हम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एविएशन लैंडमार्क बनाने के लिए हम पूरी जीजान से जुटे हैं। यह ऐसा एयरपोर्ट होगा जिस पर यूपी और भारत को गर्व होगा।

# भारतपे के खिलाफ अशनीर ग्रोवर का लेटर बम, सीईओ पर लगाया डेटा चोरी का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतपे और अशनीर ग्रोवर के बीच की लड़ाई नई नहीं है। कंपनी के पूर्व को-फाउंडर अशनीर ने एक बार फिर से भारतपे और कंपनी के सीईओ भाविक कोलाडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अशनीर ने कंपनी के सीईओ भाविक कोलाडिया पर यूजर्स डेटा चोरी का आरोप लगाते हुए नैशनल पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया को लेटर लिखकर शिकायत की है। अशनीर ग्रोवर ने एनपीसीआई के अलावा भारतपे के इंडिपेंडट डायरेक्टर कौशिक दत्ता को ईमेल के जरिए इसकी शिकायत की है। उन्होंने भाविक कोलाडिया पर यूजर्स डेटा चोरी का गंभीर आरोप लगाया।



अशनीर ग्रोवर ने अपनी शिकायत में लिखा कि भाविक कोलाडिया ने भारत के सबसे बड़े डेटा चोरी को अंजाम दिया है। अशनीर ने कहा कि भाविक कोलाडिया पर अमेरिका में भी क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। उन्हें वहां 18 महीने के लिए नजरबंद करके रखा गया था। कोलाडिया पर फर्जी टिकट से यात्रा करने के आरोप में दिल्ली एयरपोर्ट पर एफआईआर दर्ज किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाविक ने कंपनी में टेक लीड रहते हुए 15 करोड़ यूपीआई यूजर्स का डेटा चुराया है।

अशनीर ने अपने आरोपों की लिस्ट के साथ दस्तावेज भी दिए है। उन्होंने कहा कि भाविक को दोबारा मौका देना उनकी सबसे बड़ी भूल थी। अशनीर ग्रोवर के इन आरोपों को भारतपे और भाविक ने गलत बताया है। उन्होंने कहा कि अशनीर बदले की भावना से ये सब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि भारतपे से उन्हें निकाल दिया गया । उनके खिलाफ

# थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक में अपने अनूठे स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों-पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और हिमाचल प्रदेश में परिचालन कर रही भारत की सबसे युवा और तेजी से बढ़ रही निजी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी थिंक गैस ने चार वर्षों में 100 सीएनजी स्टेशन, 12 सीजीएस स्टेशन, अपनी तरह का पहला रीगैसिफिकेशन एवं स्टोरेज एलएनजी स्टेशन स्थापित किया है। थिंक गैस ने बेंगलूरू में बैंगलोर इंटरनेशनल एक्जिबिशन सेंटर (बीआईईसी) में 6 से 8 फरवरी, 2023 तक हुए इंडिया एनर्जी वीक 2023 में प्रतिभाग किया।

भारत की जी20 की अध्यक्षता में यह पहला बड़ा आयोजन है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में संपन्न इंडिया एनर्जी वीक ऊर्जा को लेकर अकेला ऐसा अंतरराष्ट्रीय आयोजन रहा जिसे केंद्र सरकार में उच्चतम स्तर पर सहयोग मिला। इस आयोजन में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों (पीएसयू) ने प्रतिभाग किया और आधिकारिक रूप से इसे फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री



(एफआईपीआई) द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

श्विटनेस दि गुड प्रिंट स्टोरीः इंडियाज़ सिटी गैस ग्लोरीश् थीम के आधार पर थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक में एक सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पैवेलियन का निर्माण करने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड, गेल गैस लिमिटेड, साबरमती गैस लिमिटेड, टॉरेंट गैस, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, महाराष्ट्र नैचुरल गैस लिमिटेड, गुजरात गैस, इंडियन ऑयल-अडाणी गैस प्राइवेट लिमिटेड और सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के साथ गठबंधन एवं साझीदारी की। इस पैवेलियन में दर्शकों के लिए सही मायने में तल्लीनता भरा अनुभव पैदा करने के लिए एलईडी वॉक थ्रू टनेल, इस क्षेत्र की प्रगति पर टच स्क्रीन, कस्टमर प्लेज वॉल और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कारोबार के विभिन्न पहलुओं के स्केल मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस सीजीडी पैवेलियन को प्रौद्योगिकी कंपनियों और उपकरण सप्लायर्स ने भी सहयोग प्रदान किया। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान थिंक गैस के स्टैंड पर नीति निर्माता-केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सदस्य श्री एके तिवारी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव डॉक्टर नवनीत मोहन कोठारी, आईएएस, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के उप सचिव श्री आनंद कुमार झा, आईएएस, उद्योग जगत की हस्तियां, निवेशक, प्रौद्योगिकी साझीदार, संभावित कारोबारी साझीदार और अन्य लोग आए।

इस इंडिया एनर्जी वीक के दौरान थिंक गैस के सीईओ हरदीप सिंह राय ने सेंट्रलिटी ऑफसीजीडी इन इंडियाज़ गैस स्टोरी विषय पर आयोजित परिचर्चा में हिस्सा लिया।

# स्विगी ने भोपाल के शीर्ष भोजनालयों को दिया मोस्ट पॉपुलर रेस्टोरेंट

भोपाल , एजेंसी। पूरे भारत में लोकप्रिय एवं लगातार बढ़ती पाक कला को सम्मान देते हुए स्विगी ने वर्ष 2022 के लिए मोस्ट पॉपुलर रेस्टोरेंट्स इन भोपाल के नामों का एलान किया है भारत के अग्रणी ऑनलाइन फूड ऑर्डर प्लेटफॉर्म स्विगी ने पिछले सालभर के दौरान मिले सर्वाधिक ऑर्डर्स के आधार पर इन शीर्ष भोजनालयों का चयन किया है। इनमें सागर गैरे, लजीज हकीम जम जम फास्ट फूड, डा पिज्जेरिया और मनोहर डेयरी के नाम शामिल हैं।

खाने की बात करें तो भोपाल में पिछले सालभर बिरयानी पसंदीदा डिश और चिकन ट्विस्टर पसंदीदा स्नैक के रूप में सामने आए। इन दोनों पसंदीदा डिश के अलावा वेज चीज सैंडविच, वेज चीज पास्ता, चिकन बर्गर और वेज नूडल्स भी यहां सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश में शुमार रहे। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल को भारत का दिल कहा जाता है और यह सही भी है भोपाल खाने के शौकीन लोगों की जन्नत है, जहां खाने में कई तरह का रोमांच भी शामिल है। शाही जहांनुमा परिवार से प्रेरित भोपाल के भोजन किसी के भी मुंह में पानी ला सकते हैं और उसकी भूख बढ़ा सकते हैं। मध्य प्रदेश में 7500 से ज्यादा रेस्टोरेंट स्विगी पर लिस्टेड हैं, जो चाइनीज, इंडियन, मुगलई, इटैलियन और कई अन्य तरह की डिश उपलब्ध कराते हैं। भोपाल में 800 से ज्यादा रेस्टोरेंट व अन्य भोजनालय स्विगी से जुड़कर अपने कारोबार को नई ऊंचाई दे रहे हैं।

देशभर में स्विगी के फूड मार्केटप्लेस पर कोने-कोने से दो लाख से ज्यादा रेस्टोरेंट लिस्टेड हैं। हम पूर्वोत्तर में इंफाल ईटानगर से लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तक 500 से ज्यादा शहरों में ग्राहकों को फूड डिलीवरी की सर्विस दे रहे हैं। स्विगी ने अपने साथ 3 लाख से ज्यादा डिलीवरी पार्टनर को जोड़ते हुए उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया है।

## मप्र पेंशनर्स समाज परासिया की मासिक बैठक12 फरवरी को

**परासिया ।** के म.प्र.पेंशनर्स समाज परासिया की मासिक बैठक दिनांक 12/02/2023 दिन रविवार को पेंशनर्स भवन परासिया में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी बैठक में पेंशनर्स दिवस समारोह 26फरवरी 2023 को सम्पन्न कराने पर चर्चा होगी एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर अंतिम रूप दिया जाएगा जिला स्तर से प्राप्त निर्देश के अनुसार 38त्नमंहगाई हेतु मुख्यमंत्री के नाम विधायक श्री वाल्मीकि जी को ज्ञापन सौंपा जाएगा पेंशनरों की बैंक एवं अन्य समस्याओं को हल करने पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा अत: सभी पेंशनरों से अनुरोध किया जाता है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

## राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद ने वंश तिवारी को किया सम्मानित

**परासिया ।** छिंदवाड़ा जामई के वंश तिवारी पिता



सतीश कुमार तिवारी ने प्रथम प्रयास में एन डी ए की एस एस बी परीक्षा उत्तीर्ण की इनका नेशनल डिफेंस एकेडमी पुणे में चयन हो जाने पर राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद के प्रदेश सचिव श्री आयुष दीक्षित जी ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ज्ञात हो कि वंश तिवारी जी ने विषम परिस्थितियों में कड़ी मेहनत एवं संघर्ष करने के बाद सफलता हासिल की उनके इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद के जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव एवं विप्र समाज के अन्य वरिष्ठ बंधु उपस्थित रहे इस दौरान प्रदेश सचिव ने सामाजिक बंधुओं से संपर्क किया एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद की सदस्यता ग्रहण कराई ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद पंजीकृत एवं भारत सरकार से मान्यता प्राप्त अराजनीतिक संगठन है।

## नाला निर्माण का किया भूमिपूजन

**अमरवाड़ा ।** नगर पालिका के पीछे लगभग 1 करोड़ 20 लाख रूपये के एनडीआरएफ योजना अंतर्गत बनने वाले नाला निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने बताया कि पूर्व की परिषद द्वारा पास कराए गए और क्षेत्रवासियों की मांग पर व्यवस्थित नाला निर्माण का कार्य कराया जाना था। जिस का भूमि पूजन पार्षद गणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है। वही जल्द ही इसका कार्य भी शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न पार्षद गणों के साथ जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 12 फरवरी को मेहरा डेहरिया समाज का युवक युवति परिचय सम्मेलन भोपाल में

**छिंदवाड़ा ।** मेहरा डेहरिया समाज का प्रदेश स्तरीय युवक युवति परिचय सम्मेलन भोपाल में दिनांक 12 फरवरी को मानस भवन में आयोजित होने जा रहा है जिसमें प्रदेश के समस्त जिलो एवं विभिन्न राज्यों से मेहरा समाज के युवक युवति अविभावक एवं समाज के प्रबुद्धलोग भाग लेंगे । विशेषकर छिन्दवाड़ा . सिवनी , बैतूल , नरसिंगपुर , जबलपुर गोपाल इन्दोर , मण्डला , होशंगाबाद , बालाघाट , जिलों से भारी संख्या समाज के लोग उपस्थित रहेंगे । समाज के जिला अध्यक्ष दयानन्द हरिया ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित कर परिचय सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया है ।

## अवैध कब्जे को मुक्त कराया



**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दल ने वार्ड 01 काराबोह में किए जा रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराया। शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी नीरज तांबे, जोन प्रभारी सुनील मालवी एवं गोविंद चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 12 फरवरी को

**छिंदवाड़ा ।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि पेंशनर्स ऐसासिएशन की मासिक बैठक दिनांक 2 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 12.30 बजे से शासकीय जवाहर कन्या शाला, सब्जी बाजार के पास, छिंदवाड़ा में आहूत की गई है । बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांग एवं वर्तमान में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के समान 38 प्रतिशत मॅहगाई राहत दिए जाने के संबंध में धरना प्रदर्शन रैली, ज्ञापन, भूख हड़ताल कर शांतिपूर्ण ढंग से पेंशनर्स की पीड़ा से शासन-प्रशासन को अवगत करना, विरोध प्रदर्शन करना, इसकी रूपरेखा तैयार करने हेतु सभी पेंशनर्स उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव देकर जागरूक पेंशनर्स नागरिक होने का परिचय देवें, और जिन पेंशनर्स ने वार्षिक शुल्क जमा नहीं किए हैं, कृपया वे जमा कर रसीद प्राप्त करें ।

## पातालकोट क्लब एवं सतपुड़ा क्लब फाइनल में



**छिंदवाड़ा ।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन छिंदवाड़ा के तत्वावधान में खेलें जा रहे सांसद कप टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के टीम इवेंट में पातालकोट एवं सतपुड़ा क्लब ने प्रवेश कर लिया है सेमीफाइनल में पातालकोट क्लब ने टी टी स्ट्राइकर को एवं सतपुड़ा क्लब ने बालाजी क्लब को पराजित किया वहीं आज जूनियर वर्ग एवं महिला वर्ग के मुकाबले भी खेले गए।

## विकासखंड चौरई के 5 ग्रामों में विकास यात्रा

**छिंदवाड़ा ।** जिले के विधानसभा क्षेत्र चौरई के विकासखंड चौरई के ग्राम पिपरिया, बीझावाड़ा, माचीवाड़ा, कपुर्दा और हथनी में विकास यात्रा संपन्न हुई।

# 7780 परिवारों की महिलाओं के खाते में अंतरित हुई 77.80 लाख रुपये की राशि

### छिंदवाड़ा जिले में निवासरत विशेष पिछडी जनजाति भारिया जनजाति के खातों राशि



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन भोपाल से मुख्यमंत्री आहार अनुदान योजना के अंतर्गत बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 41 हजार 120 महिलाओं के खाते में 24 करोड़ 11 लाख 20 हजार रूपए की अनुदान राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जिसमें छिंदवाड़ा जिले में निवासरत विशेष पिछडी जनजाति भारिया जनजाति की 7780 परिवारों की 77.80 लाख रूपये की अंतरित राशि शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कांफ्रेंस के दौरान ग्राम काराबोह की श्रीमती रेशमा भारती से वर्चुअली आत्मीय संवाद भी किया ।मुख्यमंत्री चौहान ने श्रीमती रेशमा भारती से पूछा कि कैसी हो रेशमा, ठीक हो, कहां तक पढ़ी हो, अभी क्या कर रही हो, बच्चे कितने हैं, बच्चे पढ़ रहे हैं कि नहीं, आहार योजना का क्या फायदा है, आपको क्या लगता है, इस बारे में बताइये, यह योजना अच्छी है। इस पर श्रीमती रेशमा भारती ने नमस्ते मामा जी कहते हुये कहा कि मैं ठीक हूं । बी.ए.पास हूं और काम-धंधा कर रही हूं। मेरे 2 बच्चे हैं और दोनों पढ रहे हैं । श्रीमती भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री आहार अनुदान योजना से हमें काफी फायदा है । इस राशि से बच्चों को जो लगता है, वो दिलवा देते हैं और शेष राशि घर के काम के लिये उपयोग कर लेते हैं । यह योजना बहुत अच्छी है । इस योजना के लिये आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्रीमती रेशमा जी आपको बहुत बधाई और शुभकामनायें । आप बच्चों को ठीक से पढ़ाना । आपके बच्चे खूब पढ़ें । उन्होंने उपस्थित सभी बहनों को भी बधाई और शुभकामनायें दीं । इस अवसर पर एन.आई.सी. कक्ष में 26 भारिया हितग्राही महिलाओं के साथ ही कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, अपर कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक शिक्षा श्री उमेश सातनकर व मंडल संयोजक श्रीमती रजनी अगामे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानन्द व्याख्यानमाला

**छिंदवाड़ा ।** यदि संक्षिप्त शब्दों में विवेकानंद को समझना है तो कह सकते हैं कि संपूर्ण वांग्मय के पुरोधा थे विवेकानंद, वे एक मात्र उस समय के सनातन परंपरा के वाहक थे। उन्होंने भारतीय सनातन की ध्वजा को शिकागो में न केवल फहराया बल्कि भारतीय जीवन शैली, विचारों को भी परिचित कराया। वे भारतीय सनातन के अद्वितीय संत थे। उक्त उदगार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विवेका नंदजी व्याख्यानमाला कार्यक्रम जिला पंचायत सभा कक्ष में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रास सोसायटी के स्टेट चेयरमेन डॉ गगन कोल्हे ने कही। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला जी एवम प्रोफेसर डॉ उमाकांत शुक्ला जी,मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल,सभी ब्लाकों के ब्लाक समन्वयको सहित जिले की समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, मेंटर्स, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद तिवारी और आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक छिंदवारा अखिलेश जैन ने व्यक्त किया। जिला पंचायत सभागार परिसर में दीप प्रज्वलन स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ ही कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी एवम भारत माता की भेष भूसा में वैष्णवी तिवारी, नुमान खान आकर्षण का केंद्र रहे। अपना स्वागत उद्बोधन देते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल ने जन अभियान परिषद के कार्यों की पूर्ण रूपरेखा रखी और यह बताया कि किस प्रकार परिषद ने महान उपाधियों के कृतित्व और व्यक्तित्व को नीचे तक पहुंचाया है ।उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## विकास यात्रा पहुंची छुई पौनार धसनवाड़ा और सेजा



**अमरवाड़ा ।** म.प्र. सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास यात्रा जनपद अमरवाड़ा छेत्र में चलरही है जिसमें आज यात्रा ग्राम पंचायत छुई छुआदेही सुखारी सहकारी चंदनगांव पौनार डुंगरिया धसनवाड़ा बाराहीरा लखनवाड़ा बाबूटोला सेजा ग्राम पहुंची जहां यात्रा के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी उत्तम सिंह ठाकुर जनपद पंचायत अध्यक्ष निलेश कंगाली ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया साथ ही मुख्य अतिथियों के द्वारा संबोधित करते हुए शासन की योजनाओ के विषय पर प्रकाश डाला बताया की ईस विकास यात्रा के माध्यम से योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचे यात्रा में भूपसिंग पटेल, विनोद चंद्रवंशी ,मुकेश यादव ,चैनसुख जंघेला, महेस जैन पारस, घनश्याम सिह ठाकुर, सतीष संतू साहू ,संतोस वर्मा, उर्मिला मसराम, उमा वर्मा, परमानंद अवस्थी, मोनु ठाकुर, अन्नूलाल वर्मा ,मदन वर्मा, बालकराम वर्मा ,अशोक डेहरिया, सीईओ जनपद मेहरा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग से पाठक जी ,पिंजारे जी, बघेलउपयंत्री, सहकारिता सीईओ अनिल जैन और सभी पंचायतों के सरपंच अन्य जनप्रतिनिधी एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे !

## आरईपीएल लखनऊ ने शौर्य क्लब इटावा को 1 रन से हराया

**छिंदवाड़ा ।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय एवं प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया आज का मैच शौर्य क्लब इटावा व आरईपीएल लखनउ के मध्य खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए आरईपीएल लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाएं, जिसमे 27 रन शुभम राय व 22 रन हिमांशु सिंग ने बनाये। शौर्य क्लब इटावा के गेंदबाज विनीत खरे व प्रथम सलूजा ने 2-2 विकेट लिए।



148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शौर्य क्लब इटावा 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। शौर्य क्लब इटावा के बल्लेबाज दीपांशु चौधरी ने 37 व विकास सिंग ने 25 रन बनाए ।आरईपीएल के गेंदबाज मंटो व सजल वर्मा ने 2-2 विकेट लिए । मैच 1 रन से आरईपीएल लखनऊ ने जीतकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। मैच में अंपायर वीसीए से रजिस्टर्ड अंपायर मोनीश रामटेके व दिग्विजय डिसिल्वा स्कोरर संतोष कहार व कमेंटेटर श्रान्त चन्देल रहे। मैन ऑफ द मैच 1100 रुपये नकद रवि सिंग को प्रदान किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष नितिन खंडेलवाल, सचिव संदीप मालवीय, कोषाध्यक्ष प्रमोद मालवीय, सदस्य- शैलेश करमरकर, भीष्म प्रताप चौहान, सपन सिंग, राजा खान, अंकित सिंग राजपूत,शेख तारिक, संतोष शर्मा, विशाल करमरकर,सचिन सहारे,अम्बर सूर्यवंशी,राजा विश्वकर्मा अभय मालवी रहे ।

आज का मैच शुक्ला ग्राउंड में दोपहर 12:30 बजे से फेथ क्लब भोपाल व डीसीए मेरठ के मध्य खेला जाएगा।

## कुण्डा हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाया जाये: नकुलनाथ

### सांसद ने म.प्र. अपर संचालक लोक शिक्षण को लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के प्रत्येक विद्यार्थियों को सुलभता के साथ अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये हमेशा तत्पर रहने वाले जिले के संवेदनशील सांसद नकुलनाथ ने ग्राम कुण्डा के शासकीय हाईस्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की समस्या पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुये उनकी परेशानियों के निदान हेतु अपर संचालक लोक शिक्षण मप्र को पत्र लिखा है। सांसद नकुलनाथ ने अपने पत्र के माध्यम से लोक शिक्षण मप्र अपर संचालक को अवगत कराया कि ग्राम कुण्डा सहित समीपस्थ अन्य ग्रामों के विद्यार्थीगण ग्राम कुण्डा के शासकीय हाईस्कूल में अध्ययन हेतु पहुंचते हैं। हाईस्कूल की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत उन्हें हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा हासिल करने के लिये अन्य ग्राम के स्कूल पर निर्भर रहना पड़ता है। गत छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान सांसद नकुलनाथ से ग्राम कुण्डा व उसके समीपस्थ ग्राम के छात्र-छात्राओं के पालक व अभिभावकगणों ने सांसद श्री नकुलनाथ से भेंट कर ग्राम कुण्डा में हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं होने के दुष्परिणामों से अवगत कराया साथ ही ग्राम में संचालित शासकीय हाईस्कूल का हायर सेकेंड्री स्कूल में उन्नयन किये जाने की मांग की थी। सांसद श्री नकुलनाथ ने पालकों व अभिभावकों की मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने हेतु अपर संचालक लोक शिक्षण मप्र को पत्र लिखा और आगामी शिक्षण सत्र से ग्राम कुण्डा में हायर सेकेंडरी की कक्षायें संचालित किये जाने हेतु मांग रखी। विदित हो कि ग्राम कुण्डा के छात्र-छात्राओं को हाईस्कूल की शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत हायर सेकेंडरी की पढ़ाई करने हेतु अधिक दूरी तय कर अन्यत्र स्कूल जाना पड़ता है जिसमें उनका अधिक समय सफर में गुजर जाता है साथ ही विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है जिससे विद्यार्थियों के शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। सांसद श्री नकुलनाथ ने अपने पत्र के अंत में आग्रह पूर्वक लिखा कि ग्राम कुण्डा ग्रामवासियों की भावनाओं पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान देते हुये इस सम्बंध में प्राथमिकता के आधार पर विचार करते हुये ग्राम कुण्डा के हाईस्कूल का हायर सेकेंड्री स्कूल में अविलम्ब उन्नय किये जाने की दिशा में आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही को पूरा किया जावें।

## गौमाता का अपमान कर रही केंद्र सरकार: आनंद बक्षी

**छिंदवाड़ा ।** केंद्र सरकार के मत्स्य एवं पशुपालन विभाग तथा केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए गौमाता के आलिंगन का निर्देश जारी किया गया है । जो कि हिन्दू परम्पराओं के विपरीत है ।शहर कांग्रेस कमेटी के समन्वयक एवं धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के आनंद बक्षी ने केंद्र सरकार के इस निर्देश की कड़ी निंदा की है । आनंद बक्षी ने बताया कि सनातनी परम्परा में गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होना बताया गया है । गौमाता के चरण फूले , आरती करने , गौग्रास खिलाने की परम्पराएँ है , परंतु बौद्धिक रूप से दीवालिए पन की कगार पर पहुँच चुकी भाजपा नीत केंद्र सरकार गौमाता का आलिंगन का निर्देश देकर किन हिन्दू परम्पराओं को स्थापित करना चाहती है , यह समझ से परे है ।आनंद बक्षी ने कहा कि , एक ओर मध्यप्रदेश एवं देश के अनेक भागों में बड़ी संख्या में गौवंश की अकाल मृत्यु हो रही है । अनेक स्थानों पर भूख लगने पर पॉलिथिन खाने से गौवंश मृत हो रहा है । मध्यप्रदेश की राजर पानी भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नाक के नीचे अनगिनत गौवंश की मृत्यु हो रही है । यह समस्त सनातन धर्म का पालन करने वाले गौभक्तों का घोर अपमान है। आनंद बक्षी ने कहा कि , मध्यप्रदेश में तो गौमाता को प्रतिदिन दिये जाने वाले आहार के मूल्य को कम किया गया है । इतना ही नहीं, अनेक महीनों से मध्यप्रदेश की गौशालाओं में भूसा एवं घास हेतु नियमित राशि नही मिल रही है । मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मान . श्री कमलनाथ जी के द्वारा स्थापित गौशालाओं के व्यवस्थापन एवं गौवंश के पालन पोषण का इंतजाम भाजपा सरकार नहीं कर पा रही है। केंद्रीय पशुपालन विभाग एवं पशु कल्याण बोर्ड का यह आदेश तत्काल वापस होकर गौमाता के सम्मान की रक्षा की जाना चाहिए । अगर सरकार गौवंश के सम्मान के लिए इतनी चिंतित है तो गौमाता के आहार एवं व्यवस्थापन हेतु तत्काल पर्याप्त राशि प्रदान की जाना चाहिए ।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व भाजपा नेता कन्हईराम रघुवंशी छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार

### दीनदयाल मोहने ने कहा कि गौरी शंकर बिसेन का वक्तव्य हतोत्साहित करने वाला

**गोविन्द चौरसिया**





**छिंदवाड़ा ।** विधान सभा के बाद लोकसभा चुनाव होंगे, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरी शंकर बिसेन ने छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव लडने की हुंकार भरा था, किन्तु वे पीछे हट गये, उन्होने कहा कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ है और लोकसभा चुनाव लड़ना बच्चों का खेल नहीं है। भाजपा नेता व लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने ने गौरी शंकर बिसेन के कथन का खण्डन करते हुये कहा कि कांग्रेस का गढ नहीं है छिंदवाड़ा भाजपा लोकसभा उपचुनाव जी चुकी है एवं सातों विधायक भाजपा के रह चुके है। दीनदयाल मोहने का कहना है कि गौरी शंकर बिसेन का वक्तव्य हतोत्साहित करने वाला एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा के कांग्रेस से कोई चुनौति नहीं है, उन्होने कहा कि भाजपा को खतरा भीतर घातियों से है जो संगठन में बैठे है, इन्हें अलग करने की आवश्यकता है। भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हईराम रघुवंशी ने कहा कि वे लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार है, पार्टी उन्हों मौका देगी तो जरूर स्वीकार करेंगे। कन्हईराम रघुवंशी दो बार नगर पालिका अध्यक्ष रहे हैं वे जिला भाजपा के अध्यक्ष भी रहे है, प्रदेश भाजपा संगठन में उनकी पकड़ मजबूत है। जिले में कन्हईराम को प्रत्याशी बनाती है तो उन्हें विधानसभा चुनाव के पहले घोषित किया जाना चाहिये जिससे वे सम्पर्क एवं समन्वय बना सकें।

## सांसद ढालसिंग बिसेन की मांग रेल्वे ने मानी

### पातालकोट एवं पेंचव्हेली सिवनी तक चलेगी

### वरिष्ठ नागरिक संगठन ने दिया धरना

### छिंदवाड़ा से बालाघाट-गोंदिया भी ट्रेन चले

**छिंदवाड़ा ।** दक्षिण पूर्व रेल्वे में छिंदवाड़ा-नैनपुर का विद्युतिकरण फरवरी के अन्त तक हो जायेगा। उसके बाद छिंदवाड़ा उत्तर भारत से जुड़ जावेगा एवं कई ट्रेने यहां से प्रारम्भ होगी। रेल्वे की समय सारणी प्रति वर्ष जुलाई माह में तैयार होती है, जिसमें कई ट्रेनों का समावेश होगा। सिवनी के सांसद ढालसिंग बिसेन पातालकोट एक्सप्रेस एवं पेंचव्हेली को सिवनी तक चलाने की मांग की थी, जिसे रेल्वे बोर्ड ने मान लिया है। विद्युतिकरण पूर्ण होते ही दोनों ट्रेन सिवनी तक जावेगी। इसके अलावा चित्रकूट एक्सप्रेस भी छिंदवाड़ा से चलेगी जिसे रेल्वे ने मान लिया है और उसका टाईम टेबिल भी जारी किया है।



नागपुर से जबलपुर भी बड़ रेल चलना चाहिये, इसके अलावा छिंदवाड़ा से नैनपुर-बालाघाट ,गोंदिया भी एक ट्रेन चलना चाहिये। छिंदवाड़ा से बालाघाट एवं गोंदिया सड़क मार्गपर बसे कम चलती है, छिंदवाड़ा बालाघाट गोंदिया का व्यापारिक संबंध है, इससे व्यापार बढेगा, विशेष रूप से सब्जी उत्पादक किसानों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

वरिष्ठ नागरिक संगठन के हरनामसिंह भट्टी ने आज धरना दिया छिंदवाड़ा-नैनपुर ट्रेन अविलंब प्रारम्भ करने की मांग की। नागपुर से शाम 3.30 बजे छूटने वाली ट्रेन को 6 बले छूटने की मांग की।

### 11 फरवरी से 24 फरवरी तक पेंचव्हेली नहीं चलेगी

पश्चिम रेल के रतलाम मंडल के करछा और बरेली स्टेशनों के बीच डबल लाईन के कार्य के कारण 11 फरवरी से 24 फरवरी तक पेंचव्हेली नहीं चलेगी।

## आदिनाथ जिनालय का 29 वां वार्षिक महोत्सव आज से

### ध्वजारोहण, आदिनाथ विधान, कल निकलेगी श्रीजी की भव्य रथयात्रा

**छिन्दवाड़ा ।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल मे आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्वप्रभावना योग में धर्म नगरी छिन्दवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज में वर्ष 1994 में श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय एवं स्वाध्याय भवन का भव्य एवं मनोहारी निर्माण श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा किया गया। जिसका 29 वां वार्षिक महोत्सव आज फाल्गुन कृष्ण छटवीं शनिवार 11 एवं कल रविवार 12 फरवरी 2023 को बाल ब्रह्मचारणीय डॉ. आरती जैन एवं जैनदर्शन के युवा विद्धवान पण्डितश्री अंकुरजी शास्त्री दूरदर्शन भोपाल के साथ स्थानीय विध्दवानों एवं श्रेष्ठिजनों के मंगल सानिध्य में विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा ।फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि श्री आदिनाथ जिनालय के दो दिवसिय वार्षिक महोत्सव का मंगलमय शुभारंभ आज शनिवार 11 फरवरी को प्रात: 7 बजे श्री जिनबिंम्ब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.20 से ध्वजारोहण, 7.40 से श्री देव - शास्त्र - गुरु पूजन एवं श्री आदिनाथ पंचकल्याणक विधान किया जावेगा पश्चात 9.30 से स्वाध्याय भवन में पं. अंकुरजी शास्त्री के मंगल प्रवचन होंगे। रात्रि 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति एवं 8.30 से पं. अंकुर शास्त्री के मंगल प्रवचनों का लाभ मिलेगा।

## महिलायें अत्याचार से कैसे बचें, सुरक्षित कैसे रहें ?

**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये स्वयं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती विजेता सूर्यवंशी, सहकारिता विस्तार अधिकारी एवं श्री पंकज सूर्यवंशी, सीआईडी सब इंस्पेक्टर को आमंत्रित किया गया। क्योंकि इन्होंने 01 फरवरी 2023 को शून्य दहेज प्रथा पर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये एक सार्थक प्रयास किया एवं विवाह का पंजीकरण कराया। इसी की प्रेरणा देते हुये विजेता सूर्यवंशी ने कहा कि जन्म से ही लड़कियों को बोझ समझा जाता है। माता-पिता उनकी पढ़ाई के लिये एवं उनकी शादी के लिये पैसा जोड़ने लगते है। इसी सोच को बदलने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि माँ कहे पराया धन और सास कहे पराई बेटी । इस कश्मकश में लड़कियाँ अपना मुकाम ढूँढ सकती है, ताकि महिलायें अत्याचार और उत्पीड़न से बच सकें और प्यार अधिकार और सम्मान से अपना जीवन जी सकें। सब इन्सपेक्टर पंकज सूर्यवंशी ने साइबर क्राइम से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी शेयर न करें, लुभावने ऑफर्स के बहकावे में न आए एवं स्वयं सुरक्षित रहें। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अस्मिता गुंजे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# शिवपुराण की रचना स्वयं भगवान शिव ने की: आचार्य देवकीनन्दन ठाकुर

### शिव महापुराण में है एक लाख श्लोक और 12 संहिता



**छिन्दवाड़ा ।** शिव महापुराण की रचना स्वयं भगवान शिव ने की है इसमें एक लाख श्लोक और 12 संहिता है वेद व्यास महाराज ने इसमे 76 हजार श्लोकों का लोप कर मानव कल्याण के लिए 24 हजार श्लोक की शिव महापुराण रचित की है शिव महापुराण के श्रवण मात्र से जीवन मे पुण्योदय फलित हो जाता है आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने छिन्दवाड़ा के दशहरा मैदान में पूजा श्री साहू परिवार द्वारा आयोजित दस दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव के पहले दिन शुभारंभ पर शिव महापुराण का महत्व प्रतिपादित करते हुए यह बात कही उन्होंने कहा कि छिन्दवाड़ा में महाशिवरात्रि पर यह महा आयोजन शिव महायज्ञ है छिन्दवाड़ा शिवरात्रि से पहले शिवमय हो रहा है यजमान विवेक बंटी साहू की की शिव प्रेरणा से यह सब सम्भव हो पाया है शिव महापुराण केवल जीवन का ही कल्याण नही करती बल्कि अपने पितरों तक को अजर अमर कर देती है उन्होंने शिव महापुराण में वर्णित देवराज ब्राह्मण , धुँधन्धकारी और बिन्दुक की कथा सुनाते हुए कहा कि इन्होंने इतने पाप किए थे कि कोई पाप बाकी ना रहा फिर भी शिव महापुराण कथा के श्रवण से इन्हें शिव लोक में स्थान मिला था कथा के माध्यम से अपने चिर परिचित अंदाज में आचार्य देवकी नंदन ठाकुर ने सनातन परम्पराओ की बात रखते हुए श्रोताओं को अनेक सबक भी दिए। उन्होंने वेलेंटाइन डे , बर्थ डे का विरोध करते हुए कहा कि जन्म दिन पर दीपक बुझाना हमारी संस्कृति नही है ना ही वेलेंटाइन डे पर फूल देना यदि फूल देना ही है तो वेलेंटाइन डे पर पांच फूल लो अपने माता पिता राधा रानी भगवान श्री कृष्ण और अपने गुरुदेव को भेंट करो ।यू पी में रामचरित मानस जलाने और सवाल उठाने वालों का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि हमारे ग्रन्थों पुराणों में जो लिखा है वह मानव कल्याण के लिए ही है बागेश्वर धाम सरकार पर उंगलियां उठाने वालों पर भी उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा में ही लिखा है कि भूत - पिशाच निकट नही आवे इतना ही नही उन्होंने शिव महापुराण के महत्व में पूरी पाठशाला लगा दी बच्चो से लेकर युवाओ और महिलाओं को संस्कारो का पाठ पढाते हुए कहा कि व्यक्ति धन से नही सदाचार और संस्कार से धनवान होता है सदाचारी वही है जो केवल अपना नही बल्कि सबका कल्याण कर सके काम ,क्रोध ,लोभ मोह के मायाजाल को ही उन्होंने मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन बताया

### हिमाचल बनेगा छिन्दवाड़ा

महाशिवरात्रि पर छिन्दवाड़ा हिमाचल बनेगा शिवरात्रि पर दशहरा मैदान में शिव विवाह उत्सव मनाया जाएगा शिव की बारात भी निकलेगी और विवाह प्रसंग की कथा भी होगी आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि पंडाल में पार्थिव शिवलिंग पूजा महोत्सव भी किया जाएगा।

### पहले दिन पहंचे हजारों श्रद्धालु..

शिव महापुराण कथा महोत्सव का शुक्रवार को पहला दिन था हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां कथा सुनने पहुंचे थे आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज के दशहरमैदान पहुंचकर व्यासपीठ में विराजमान होने पर साहू परिवार के मुखिया नरेंद्र साहू विवेक साहू बंटी नवीन साहू दीपू सहित पूरे परिवार ने व्यास पीठ और महापुराण पूजन कर महाराज श्री का आशीर्वाद लियासमापन आरती से पूर्व प्रस्तुत भजन में श्रद्धालु झूम उठे और जमकर नाच गाना भी किया।

Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports

FIT INDIA

SAI



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022
मध्य प्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के मुख्य आतिथ्य में

# समापन समारोह

11 फरवरी 2023

विशिष्ट अतिथि
**अनुराग सिंह ठाकुर**
केन्द्रीय मंत्री, खेल और युवा कार्यक्रम, सूचना एवं प्रसारण

गरिमामयी उपस्थिति
**निसिथ प्रामाणिक**
केन्द्रीय मंत्री (राज्य), खेल और युवा कार्यक्रम, गृह

**यशोधरा राजे सिंधिया**
मंत्री, खेल और युवा कल्याण,
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, म.प्र.

**गगन नारंग**
वाइस प्रेसिडेंट, भारतीय ओलम्पिक संघ
खेल रत्न अवार्डी एवं ओलम्पिक पदक विजेता (शूटिंग)

**कार्यक्रम**
मुख्यमंत्री द्वारा **चैम्पियन्स परेड** का शुभारंभ - सायं 5:30 बजे
स्थान- मुख्यमंत्री निवास से
**समापन समारोह** - सायं 6:45 बजे
स्थान - मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, लेकव्यू रोड, भोपाल

*ज़ोर से खेले*
*हम जान से खेले*
*हिन्दुस्तान के दिल में*
*हम शान से खेले*

आप सादर आमंत्रित हैं!

खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

D-11220/22

सीधा प्रसारण
Disney+ hotstar
STAR SPORTS
DD SPORTS
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी